03. मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद धौलपुर।
04. उपखण्ड मजिस्ट्रेट.(समस्त) जिला धौलपुर को अधिकारिता क्षेत्र में पालना कराये जाने हेतु।
05. उप अधीक्षक पुलिस, (समस्त) जिला धौलपुर को अधिकारिता क्षेत्र में पालना कराये जाने हेतु।
06. अतिरिक्त निदेशक, खान एवं भू–विज्ञान विभाग कोटा
07. अधीक्षण खनि अभियंता भरतपुर/खनि अभियंता धौलपुर
08. जिला परिवहन अधिकारी, धौलपुर
09. राज्य स्तरीय समन्वयक ऑयल कम्पनी राजस्थान जयपुर
10. जिला रसद अधिकारी धौलपुर को भेजकर लेख है कि जिले में संचालित पेट्रोलपम्प मालिकों को अपने स्तर से पाबंद कर पालना सुनिश्चित करावें।
11. विकास अधिकारी, पंचायत समिति बाड़ी/बसेड़ी/सरमथुरा/धौलपुर/सैंपऊ/राजाखेडा
12. आयुक्त नगर परिषद धौलपुर, अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका राजाखेडा, बाड़ी, सरमथुरा, बसेडी।
13. तहसीलदार, धौलपुर/,राजाखेडा/बाडी/सरमथुरा/सैंपऊ/बसेड़ी/मंनिया।
14. सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी धौलपुर को भेजकर लेख है कि इस आदेश का प्रेस नोट जारी कर स्थानीय समाचार पत्रों के माध्यम से जनसाधारण को अवगत करावें।
15. थानाधिकारी पुलिस थाना (समस्त) जिला धौलपुर।
16. नोटिस बोर्ड उपखण्ड/तहसील/पंचायत समिति/नगरपरिषद/नगरपालिका/ग्राम पंचायत/पुलिस थाना।
17. रक्षित पत्रावली।

जिला मजिस्ट्रेट

Signature valid
Digitally signed by A... Kumar Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2023.03.2... :27:38 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 3485532

**Annexure-14**

### कार्यालय जिला कलक्टर, धौलपुर (राज0)

क्रमांकः एनजीटी/248/सामान्य/2022/478 दिनांकः 4 03.2023

1. समस्त उपखण्डाधिकारी जिला धौलपुर
2. समस्त तहसीलदार जिला धौलपुर

विषयः– माननीय एनजीटी नई दिल्ली के प्रकरण संख्या ओए:248/2022 में प्रदत्त निर्देशों की पालना के संबंध में ।

उपरोक्त विषयान्तर्गत माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिबुनल नई दिल्ली के प्रकरण संख्या ओए: 248/2022 दिनांक 21.09.2022 व 06 फरवरी 2023 में निर्देश प्रदत्त किये गये हैं कि जिले में जो भूमि चम्बल नदी के अवैध रूप से रेता (बजरी) खनन कर संग्रहण करने के उपयोग में आ रही है, ऐसे भूस्वामियों के विरूद्ध राजस्थान भूराजस्व अधिनियम व राजस्थान काश्तकारी अधिनियम तथा अन्य सुसंगत कानूनी प्रावधानों के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जावे ।

अतः निर्देशों की पालना में अविलम्ब कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट साप्ताहिक आधार पर निम्न प्रपत्र में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें ।

(अनिल कुमार अग्रवाल)
जिला कलक्टर

क्रमांकः एनजीटी/248/सामान्य/2022/478 दिनांकः 4 03.2023

प्रतिलिपिः--

जिला पुलिस अधीक्षक धौलपुर/उप वन संरक्षक सामाजिक वानिकी धौलपुर/उप वन संरक्षक (वन्यजीव)सवाईमाधोपुर/खनिज अभियंता, धौलपुर को भेजकर लेख है कि अवैध रेता (बजरी) के संग्रहण हेतु प्रयुक्त कृषि भूमि का विवरण संबंधित राजस्व अधिकारियों को शीघ्र उपलब्ध करायें ताकि उनके विरूद्ध समुचित कार्यवाही की जा सके ।

जिला कलक्टर

**प्रपत्र**

| क्र.सं. | नाम खातेदार | ग्राम/लोकेशन का विवरण | अवैध रेता (बजरी) संग्रण हेतु प्रयुक्त खसरा नम्बर | की गयी कार्यवाही का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

# कार्यालय उपखण्डाधिकारी राजाखेड़ा

दिनांकः— 27.03.2023

क्रमांक/राजस्व/2023/461
श्रीमान जिला कलक्टर महोदय
धौलपुर

विषयः— माननीय एनजीटी नई दिल्ली के प्रकरण संख्या ओए 248/2022 में आदेश दिनांक 21.09.2022 व दिनांक 06.02.2023 की पालना में दिनांक 27.03.2023 को आयोजित बैठक के संबंध में सूचना भिजवाने बावत्।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि श्रीमान जी द्वारा चाही गयी सूचना निर्धारित प्रपत्र मे तैयार कर निम्नानुसार सादर प्रेषित है:—

Illegal Sand Dumping Cases in Dholpur District

| Sub disivision | RTA 177 cases | | LRA 91 cases | |
|---|---|---|---|---|
| | No. of cases | Total Area of land involved in such cases | No. of cases | Total Area of land involved in such cases |
| Rajakhera | 08 | 0.2148 he. | 10 | 0.2653 he. |

36 खातेदारों के विरुद्ध

उपखण्डाधिकारी
राजाखेड़ा

Signature valid
Digitally signed by Dev Singh
Designation: Sub Divisional Officer
Date: 2023.03.27 1[illegible]:42:47 IST
Reason: Approved



Scanned with CamScanner

# कार्यालय उपखण्ड अधिकारी धौलपुर

क्रमांकः– विविध / अवैध खनन / 2023 / 880 दिनांकः– 27/3/23

श्रीमान जिला कलक्टर महोदय
धौलपुर

विषयः– मा0 एनजीटी के निर्देशों की पालना के संबध में।
प्रसंगः– श्रीमान जिला कलक्टर महोदय धौलपुर के आदेशांक प. 40 / 10(1) / एनजीटी248 / राजस्व / 2023 / 56 दिनांक 20.03.2023

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र से प्रदत्त निर्देशानुसार एंव मा0 एन0जी0टी0 नई दिल्ली के प्रकरण संख्या ओए / 248 / 2022 में आदेश दिनांक 21.09.2022 व 06.02.2023 की पालना में चम्बल नदी के अवैध खनन क्षेत्रों में लिप्त व्यक्तियों को जागरूक करने हेतु, अवैध खनन से वन्य जीवों पर पडने वाले दुष्प्रभाव, अवैध खनन में लिप्त व्यक्तियों / वाहनों / भूस्वामियों के विरूद्ध कार्यवाही के संबध में विस्तृत जानकारी देने हेतु **दिनांक 22.03.2023 को ग्राम मौरोली तहसील धौलपुर** में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे अवैध खनन से वन्य जीवों पर पडने वाले दुष्प्रभाव, अवैध खनन में लिप्त व्यक्तियों / वाहनों / भूस्वामियों के विरूद्ध कार्यवाही के संबध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा सभी विभागों के उपस्थित अधिकारियों / प्रतिनिधियों द्वारा उनके विभाग से संबधित योजनाओं की जानकारी एंव वैकल्पिक रोजगार के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई।

चम्बल बजरी के अवैध भण्डारण से संबधित खातेदारों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु तहसीलदार धौलपुर द्वारा कुल 04 प्रकरण धारा 177 आरटीए के तहत प्रस्तुत किये गए है जिन्हे न्यायालय में दर्ज कर लिया गया है।

संलग्नः– सूचना निर्धारित प्रारूप

उपखण्ड अधिकारी
धौलपुर

उपखण्ड धौलपुर

## Illegal Sand Dumping Cases in Dholpur District

| Sub Division Name | RTA 177 Cases | | LRA 91 Case | |
|---|---|---|---|---|
| | No. Of Cases | Total Area of land involved in such cases | No. Of Cases | Total Area of land involved in such cases |
| Dholpur | 04 | 5.3741 हे० | Nill | |
| | कुल खातेदार – 47 | | | |

## Annexure-15

DM (NGT) 3882 21-3-23

### कार्यालय जिला कलक्टर, धौलपुर (राज0)

क्रमांकः प.40/10(1)/एनजीटी–248/राजस्व/2023/ 56 दिनांकः 20.03.2023

### आदेश

माननीय एन0जी0टी0 नई दिल्ली के प्रकरण संख्या ओए 248/2022 में आदेश दिनांकः 21.09.2022 व दिनांक 06.02.2023 की पालना में चम्बल नदी के अवैध खनन क्षेत्रों में लिप्त व्यक्तियों को जागरूक करने हेतु उन्हें अवैध खनन से वन्य जीवों पर पडने वाले दुष्प्रभाव, अवैध खनन में लिप्त व्यक्तियों/वाहनों/भूस्वामियों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु कानूनी प्रावधान, माननीय एनजीटी के आदेशों की पालना एवं उपलब्ध वैकल्पिक रोजगार के बारे में विस्तृत जानकारी देने हेतु संबंधित क्षेत्र के उपखण्डाधिकारियों की अध्यक्षता में निम्नानुसार शिविर आयोजित किये जाने हेतु तिथि निर्धारित की जाती है:–

| क्र.सं. | दिनांक | शिविर स्थल |
|---|---|---|
| 1 | 22.03.2023 | हरिगिरि बाबा का मंदिर गंजरा बढापुरा ग्राम गौरोली तहसील धौलपुर |
| 2 | 24.03.2023 | राजीव गांधी सेवा केन्द्र सेवर पाली तहसील बाडी |
| 3 | 27.03.2023 | राजीव गांधी सेवा केन्द्र चीलपुरा तहसील राजाखेडा |
| 4 | 28.03.2023 | राजीव गांधी सेवा केन्द्र झिरी तहसील सरमथुरा |

उक्त शिविर में निम्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे तथा आमजन को अवैध खनन से वन्य जीवों पर पडने वाले दुष्प्रभाव, अवैध खनन में लिप्त व्यक्तियों/वाहनों/भूस्वामियों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु कानूनी प्रावधान, माननीय एनजीटी के आदेशों की पालना एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उनके विभाग में संचालित योजनाओं के बारे में बताते हुए उन्हें वैकल्पिक रोजगार के बारे में विस्तृत जानकारी देंगे:–

1. उप वन संरक्षक सामाजिक वानिकी धौलपुर
2. उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभयारण्य सवाईमाधोपुर
3. संबंधित उप पुलिस अधीक्षक
4. अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद धौलपुर
5. खनिज अभियंता, धौलपुर
6. जिला परिवहन अधिकारी धौलपुर
7. महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र धौलपुर
8. जिला रोजगार अधिकारी धौलपुर
9. डीपीएम, आरएसएलडीसी/राजीविका धौलपुर
10. परियोजना प्रबंधक, आर.एस.सी.डी.सी. धौलपुर
11. संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग धौलपुर
12. सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी धौलपुर

अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज़िला परिषद धौलपुर स्थानीय सरपंच/ग्राम पंचायत सचिवों के माध्यम से तथा संबंधित उपखण्डाधिकारीगण स्थानीय पटवारियों/गिरदावर के माध्यम से एवं उप वन संरक्षक वन विभाग, खनि अभियंता धौलपुर भी अपने स्तर से उक्त शिविर में उपस्थित होने हेतु अवैध खनन में लिप्त आस–पास के ग्रामों के लोगों को उपस्थित होने हेतु पाबंद करेंगे। अध्यक्ष द्वारा उक्त शिविरों में स्थानीय जन प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जावे। शिविर स्थल पर बैठने व छाया/पानी आदि की व्यवस्था अति0 मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद धौलपुर करायेंगे। संबंधित उपखण्डाधिकारीगण शिविर समाप्ति के पश्चात पीआरओ के माध्यम से प्रेसनोट

P.T.O.

Signature valid

Digitally signed by Anil Kumar Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2023.03.20 [illegible]:26:06 IST
Reason: Approved

3193 21/3/23

RajKaj Ref No. : 3435912

जारी करायेंगे। उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभयारण्य सवाईमाधोपुर व पीआरओ धौलपुर द्वारा शिविर की फोटो/वीडियो ग्राफी की क्लिप तैयार करायेंगे तथा उनके द्वारा समाचार पत्रों की कटिंग, फोटो/वीडियो ग्राफी की क्लिप आदि की रिपोर्ट इस कार्यालय में भिजवायी जावे।

(अनिल कुमार अग्रवाल)
जिला कलक्टर

क्रमांकः प.40/10(1)/एनजीटी–248/राजस्व/2023/855-70 दिनांकः 20.03.2023

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ सादर प्रेषित है:–

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय, खान एवं भू विज्ञान विभाग, शासन सचिवालय जयपुर ।
2. अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय, वन विभाग शासन सचिवालय जयपुर ।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित है:–

1. जिला पुलिस अधीक्षक धौलपुर
2. उप वन संरक्षक सामाजिक वानिकी धौलपुर
3. उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभयारण्य सवाईमाधोपुर
4. उपखण्डाधिकारी, धौलपुर/बाडी/राजाखेडा/सरमथुरा
5. संबंधित उप पुलिस अधीक्षक, धौलपुर/मनियां/बाडी/सरमथुरा
6. अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद धौलपुर
7. खनिज अभियंता, धौलपुर
8. जिला परिवहन अधिकारी धौलपुर
9. महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र धौलपुर
10. जिला रोजगार अधिकारी धौलपुर
13. डीपीएम, आरएसएलडीसी/राजीविका धौलपुर
14. परियोजना प्रबंधक, आर.एस.सी.डी.सी. धौलपुर
11. संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग धौलपुर
12. सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी धौलपुर

जिला कलक्टर

Signature valid

Digitally signed by Anil Kumar Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2023.03.2[illegible]:26:06 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 3435912




वृक्ष धरा के भूषण है
करते दूर प्रदूषण है
खान एवं भू-विज्ञान विभाग, धौलपुर
जन जागरूकता शिविर
WELCOME









अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में ज्ञापन दिया गया। चिकित्सकों ने अस्पताल से बाजार

... डॉ.पंकज सिंघल, डॉ.अश्विनी, डॉ.मनोज शर्मा, डॉ.पवन गोस्वामी आदि मौजूद थे।

# जलीय जीव-जन्तुओं को भी प्रदान करें संरक्षण : देवीसिंह



राजाखेड़ा. जागरुकता शिविर में मौजूद अधिकारी व ग्रामीण।

## अवैध खनन में लिप्त लोगों के लिए जागरुकता शिविर आयोजित

**राजाखेड़ा @ पत्रिका.** जिला प्रशासन एवं खान व भू-विज्ञान विभाग की ओर से राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल अभयारण्य क्षेत्र चंबल नदी में रहने वाले जलीय जीव-जन्तुओं को संरक्षण प्रदान करने के लिए सोमवार को ग्राम पंचायत चीलपुरा में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में उपखंड अधिकारी देवी सिंह ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों की पालना में चंबल नदी के अवैध खनन क्षेत्रा के लिप्त व्यक्तियों को जागरूक करने, अवैध खनन से वन्य जीवों पर पडने़ वाले दुष्प्रभाव तथा अवैध खनन में लिप्त व्यक्तियों, वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि चंबल में अवैध रेत खनन से घड़ियाल, मगरमच्छ, कछुओं सहित अन्य जलीय जीवों के जीवन पर संकट आ गया है। चंबल में अवैध खनन इन जलीय जीवों के लिए खतरे की घंटी है। प्रकृति के बनाए पेड़-पौधे, जलचर थलचरों की रक्षा करना हमारी सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन कार्य को छोड़ कर आजीविका के लिए राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। इस दौरान उप वन संरक्षक किशोर गुप्ता ने कहा कि सम्पूर्ण भारत के लगभग 75 प्रतिशत घड़ियाल चंबल नदी में पाए जाते हैं। घड़ियाल और अन्य जलीय जीव रेत में घरौंदे बना कर अंडे सुरक्षित रखते हैं। रेत का उत्खनन करते समय अंडों की क्षति होती है।

जिससे इन जलीय जीवों की प्रजाति पर संकट आ गया है। शिविर के दौरान विभागीय अधिकारियों ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार योजना, मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री युवा संबल योजना सहित अन्य फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी। शिविर के दौरान तहसीलदार दिनेश चंद्र, विकास अधिकारी राकेश सिंघल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता उपनिदेशक दीपेन्द्र सिंह शेखावत, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र मितुल गोयल, जिला परिवहन अधिकारी विजय कुमार मीणा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



धौलपुर. कचहरी परिस... संख्या में श्रद्धालु मंदिर... और खाद्य पदार्थों की ...

**महिला ने भरतपुर में संभागीय आयुक्त से की शिकायत, कार्रवाई की मां...**

# 'राजनी...

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**धौलपुर.** अखिल भारती... सम्मेलन पूर्वी राज... तत्वावधान में अग्रवाल... अग्र महाकुंभ मेहंदीपुर... 16 अप्रेल को आयोजित...

पूर्वी राजस्थान प्र... गिरीश गर्ग ने बताया... राजस्थान का सबसे ब... स्तरीय अग्र महाकुंभ... बालाजी धाम में आयो... महाकुंभ में धौलपुर, क... भरतपुर, अलवर, सव... गंगापुर सिटी जिले एव... साथ जयपुर, अजमेर, ... झुंझुनू, सीकर, बूंदी, झाल... जिले सहित राजस्थान... सैकड़ों की संख्या में... शामिल होंगे। अग्र ... अग्रवाल समाज की एक... एवं अग्रवाल सम्मेलन क... गति प्रदान करने एवं व... समस्याओं को लेकर श... किया जाएगा। राजनीति... समाज को उचित प्रतिनि... इस बात को लेकर मंच... मांग की जाएगी।

# चंबल नदी में रहने वाले जलीय जीव-जन्तुओं को संरक्षण प्रदान करें- देवी सिंह

## अवैध खनन में लिप्त लोगों के लिए जागरूकता शिविर आयोजित

-: हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**धौलपुर।** जिला प्रशासन एवं खान व भू-विज्ञान विभाग द्वार राष्ट्रीय चंबल घडियाल अभ्यारण्य क्षेत्रा चंबल नदी में रहने वाले जलीय जीव-जन्तुओं को संरक्षण प्रदान करने के लिऐ ग्राम पंचायत चीलपुरा में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपखण्डाधिकारी राजखेडा देवी सिंह ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों की पालना में चंबल नदी के अवैध खनन क्षेत्र के लिप्त व्यक्तियों को जागरूक करने, अवैध खनन से वन्य जीवों पर पडने वाले दुष्प्रभाव तथा अवैध खनन में लिप्त व्यक्तियों, वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। शिविर के दौरान उन्होने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि चंबल में अवैध रेत खनन करने से घड़ियाल, मगरमच्छ, कछुओं सहित अन्य जलीय जीवों के जीवन पर संकट आ गया है। चंबल में अवैध खनन घड़ियाल मगरमच्छ, कछुआ और अन्य जलीय जीवों के लिए खतरे की घंटी है। प्रकृति की रक्षा करें क्योंकि प्रकृति द्वारा बनाये गयें पेड-पौधे जलचर थलचरों की रक्षा करना हमारी सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि घड़ियालों को बचाने के लिए अवैध खनन कार्य को छोड़ कर आजीविका के लिए राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने रणथंभौर टाइगर रिजर्व में टाइगर बचाने तथा कांजीरंगा अभ्यारण के एक सींग वाले गेंडे को बचाने का उदाहरण देते हुए घड़ियालों को बचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय घडियाल अभ्यारण्य के रूप में विकसित करने पर देशी-विदेशी सैलानियों के आने पर रोजगार के अवसर बढेंगे। इस दौरान उप वन संरक्षक किशोर गुप्ता ने कहा कि सम्पूर्ण भारत के लगभग 75 प्रतिशत घड़ियाल चंबल नदी में पाए जाते हैं। घड़ियाल और अन्य जलीय जीवों द्वारा रेत में घरौंदे बनाए बनाकर अंडे सुरक्षित रखे जाते हैं। रेत का उत्खनन करते समय अंडों की क्षति होती है जिससे इन जलीय जीवों की प्रजाति पर संकट आ गया है। इसी प्रकार रेत उत्खनन कार्य चलता रहा तो इन जलीय जीवों की प्रजातियां विलुप्त हो जायेंगी। उन्होंने कहा कि घडियाल एवं मगरमच्छ के बच्चे 1 हजार की संख्या में से 2-4 ही जीवित रह पाते है। चंबल नदी में बर्षात के करण पानी की अधिक आवक होने पर ये बच्चे मर जाते हैं। शिविर के दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार योजना, मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री युवा संबल योजना,सहित अन्य फ्लेगसिप योजनाओं की जानकारी दी शिविर में अनुसूचत जाति एवं जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम द्वारा लघु व्यवसाय शहरी एवं ग्रामीण महिला एवं शिल्पी समृद्धि योजना शिक्षा ऋण, डेयरी, जीप टेक्सी ऑटो रिक्सा ई-रिक्सा बकरी पालन इत्यादि योजनाओं की जानकारी दी। जिससे अवैध खनन में लिप्त व्यक्ति इस कार्य को छोड़ कर सम्मानपूर्वक अपना जीवन यापन कर सकते हैं। शिविर के दौरान तहसीलदार दिनेश चंद्र, विकास अधिकारी राकेश सिंघल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता उपनिदेशक दीपेन्द्र सिंह शेखावत, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र मितुल गोयल जिला परिवहन अधिकारी विजय कुमार मीणा, सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# चंबल नदी में रहने वाले जलीय जीव जन्तुओं को संरक्षण प्रदान करें क्षेत्रवासी : एसडीएम



राजाखेड़ा| जिला प्रशासन एवं खान व भू-विज्ञान विभाग द्वार राष्ट्रीय चंबल घडियाल अभयारण्य क्षेत्र चंबल नदी में रहने वाले जलीय जीव-जन्तुओं को संरक्षण प्रदान करने के लिए ग्राम पंचायत चीलपुरा में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपखंडाधिकारी राजाखेड़ा देवी सिंह ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों की पालना में चंबल नदी के अवैध खनन क्षेत्र के लिप्त व्यक्तियों को जागरूक करने, अवैध खनन से वन्य जीवों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव तथा अवैध खनन में लिप्त व्यक्तियों, वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई.शिविर के दौरान उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि चंबल में अवैध रेत खनन करने से घड़ियाल, मगरमच्छ, कछुओं सहित अन्य जलीय जीवों के जीवन पर संकट आ गया है.चंबल में अवैध खनन घड़ियाल,मगरमच्छ, कछुआ और अन्य जलीय जीवों के लिए खतरे की घंटी है उन्होंने कहा कि प्रकृति की रक्षा करें क्योंकि प्रकृति द्वारा बनाये गयें पेड-पौधे जलचर-थलचरों की रक्षा करना हमारी सबकी जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि घडियालों को बचाने के लिए अवैध खनन कार्य को छोड़ कर आजीविका के लिए राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं.उन्होंने रणथंभौर टाइगर रिजर्व में टाइगर बचाने तथा कांजीरंगा अभ्यारण के एक सींग वाले गेंडे को बचाने का उदाहरण देते हुए घडियालों को बचाने की अपील की. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय घडियाल अभयारण्य के रूप में विकसित करने पर देशी-विदेशी सैलानियों के आने पर रोजगार के अवसर बढेंगे. इस दौरान उप वन संरक्षक किशोर गुप्ता ने कहा कि सम्पूर्ण भारत के लगभग 75 प्रतिशत घड़ियाल चंबल नदी में पाए जाते हैं.घड़ियाल और अन्य जलीय जीवों द्वारा रेत में घरौंदे बनाए बनाकर अंडे सुरक्षित रखे जाते हैं.रेत का उत्खनन करते समय अंडों की क्षति होती है जिससे इन जलीय जीवों की प्रजाति पर संकट आ गया है इसी प्रकार रेत उत्खनन कार्य चलता रहा तो इन जलीय जीवों की प्रजातियां विलुप्त हो जाएंगी. उन्होंने कहा कि घडियाल एवं मगरमच्छ के बच्चे एक हजार की संख्या में से 2-4 ही जीवित रह पाते है.चंबल नदी में वर्षात के करण पानी की अधिक आवक होने पर ये बच्चे मर जाते हैं. शिविर के दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार योजना, मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री युवा संबल योजना,सहित अन्य फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी।

दैनिक हिन्दुस्तान एक्सप्रेस 25/3/23

# अवैध खनन कार्य छोड़ कर जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से तलाशें रोजगार के नये विकल्प - शीशराम यादव

## बाड़ी के सेवर पाली में जागरूकता शिविर आयोजित

-: हिन्दुस्तान एक्सप्रेस :-

धौलपुर। जिले की पहचान चंबल नदी के स्वरूप को बनाए रखने में अवैध खनन में लिप्त लोगों को समझाइश कर रोजगार के अन्य विकल्प तलाशने हेतु प्रेरित करने के लिए जिला प्रशासन लगातार मुहिम चला रहा है। इसी क्रम में जिला कलक्टर अनिल कुमार अग्रवाल के निर्देशन में बाड़ी के सेवरपाली गांव में खान एवं भू-विज्ञान विभाग द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद शीशराम यादव ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों की पालना में चंबल नदी के अवैध खनन में लिप्त व्यक्तियों तथा अवैध खनन से वन्य एवं जलीय जीवों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करने हेतु शिविर में आमजन को संबोधित करते हुए अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि नदी क्षेत्र में अवैध खनन करना गंभीर अपराध है। सब मिलकर चंबल नदी क्षेत्र में पाए जाने वाले दुर्लभ प्रजाति के जलीय जीवों, घड़ियालों, कछुओं को बचाने में अपना अहम योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवा अवैध खनन कार्य को छोड़ वैकल्पिक रोजगार के अवसरों का लाभ उठाएं। चंबल में अवैध खनन घड़ियाल, मगरमच्छ, कछुआ और अन्य जलीय जीवों के लिए घातक है। घड़ियालों को बचाने के लिए अवैध खनन कार्य को छोड़ कर राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से रोजगार के नए विकल्प तलाश किए जा सकते हैं। इस दौरान उपखंड अधिकारी गिरधर सिंह ने कहा कि घड़ियाल और अन्य जलीय जीवों द्वारा चंबल नदी की रेत में अंडे सुरक्षित रखे जाते हैं। रेत का उत्खनन करते समय अंडों को क्षति होती है जिससे इन जलीय जीवों की प्रजाति पर संकट आ गया है। इसी प्रकार रेत उत्खनन कार्य चलता रहा तो इन जलीय जीवों की प्रजातियां विलुप्त हो जायेंगी। शिविर के दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार योजना, मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, 1 रुपए किलो गेंहू, मुख्यमंत्री युवा संबल योजना सहित अन्य फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी गई जिससे अवैध खनन में लिप्त व्यक्ति इस कार्य को छोड़ कर आजीविका हेतु अन्य नए कार्य कर सकते हैं। जागरूकता शिविर में स्नातक बेरोजगार युवाओं को बेरोजगार भत्ता के भुगतान एवं मुख्यमंत्री युवा संबल योजना की जानकारी देते हुए बताया कि 1 जनवरी 2022 से पुरुष आवेदकों को 4000 एवं महिला व दिव्यांग आवेदकों को 4500 दिये जाने का प्रावधान है। इसके लिए राजस्थान का मूल निवासी होना आवश्यक है। रोजगार कार्यालय में स्नातक योग्यता के साथ आवेदन करने की तिथि को या पूर्व से पंजीकृत हो, बेरोजगार हो एवं अध्ययनरत नहीं हो। इसी प्रकार जिला उद्योग केंद्र द्वारा संचालित मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना एवं लघु सूक्ष्म उद्योग के लिए आवेदन कर लाभ उठा सकते हैं और अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकते हैं। अनुजा निगम द्वारा संचालित अनुसूचित जाति जनजाति के तहत भैंस पालन, बकरी पालन, किराना स्टोर एवं ट्रैक्टर ट्राली के लिए आवेदन कर लाभ ले सकते हैं और स्वयं का अपना रोजगार स्थापित कर सकते हैं। शिविर में एम ई मुकेश मंगल,



» धौलपुर – अवैध खनन के नुकसानों के बारे में ग्रामीणों को समझाते एसीईओ शीशराम यादव

झिरी में आयोजित हुआ जागरुकता शिविर

# जलीय जीवों को बचाने रोकें चंबल में अवैध खनन : एसडीएम जाटव

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**सरमथुरा.** चंबल नदी में अवैध खनन में लिप्त लोगों को समझाइश कर रोजगार के नए विकल्पों की ओर मोडने के लिए जिला प्रशासन की ओर से लगातार जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को गांव झिरी में जिला प्रशासन तथा खान एवं भू विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जागरुकता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में विभागों के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने अवैध खनन के दुष्प्रभाव, अवैध खनन में संलिप्त लोगों के विरुद्ध की जाने वाली कानूनी कार्रवाई आदि के बारे में बताया। उपखंड अधिकारी मनीष कुमार जाटव ने कहा कि चंबल नदी में अवैध खनन करने से जलीय जीवों घडियाल, मगरमच्छ, कछुआ व मछलियों के जीवन पर संकट आता है। इनकी प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं।



सरमथुरा. झिरी में अवैध खनन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए आयोजित शिविर में मौजूद लोग व अधिकारी।

हमारा नैतिक दायित्व है कि इन जलीय जन्तुओं को बचाने के लिए केवल अवैध खनन को रोकना ही नहीं वरन उनके जीवन को बचाने के लिए संरक्षण प्रदान करना चाहिए। शिविर में वन विभाग, परिवहन विभाग, खनन विभाग के अधिकारियों ने चम्बल नदी से अवैध खनन करने में संलिप्त लोगों के विरुद्ध की जाने वाली कार्रवाई के प्रावधानों के बारे में बताया।

शिविर में महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र ने रोजगार के लिए मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, डॉ. भीमराव अम्बेडकर दलित आदिवासी उद्यम योजना की जानकारी प्रदान की। सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने जल की उपयोगिता को समझाते हुऐ विभिन्न परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। शिविर में तहसीलदार उत्तम चंन्द्र बंसल, खनन अभियंता भरतपुर सुरेश चंद्र शर्मा, सहायक निदेशक सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग दीपेन्द्र सिंह शेखावत, महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र मितुल गोयल, विकास अधिकारी जीतेन्द्र शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि संजू सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।

राजस्थान

जागरूक टाइम्स

जयपुर, शनिवार, 25 मार्च, 2

# अवैध खनन कार्य छोड़कर, जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से तलाशें रोजगार के नए विकल्प : एसीईओ

## बाड़ी के सेवर पाली में जागरुकता शिविर आयोजित

जागरुक टाइम्स संवाददाता

धौलपुर। जिले की पहचान चंबल नदी के स्वरूप को बनाएं रखने में अवैध खनन में लिप्त लोगों को समझाइश कर रोजगार के अन्य विकल्प तलाशने हेतु प्रेरित करने के लिए जिला प्रशासन लगातार मुहिम चला रहा है। इसी क्रम में जिला कलेक्टर अनिल कुमार अग्रवाल के निर्देशन में बाड़ी के सेवरपाली गांव में खान एवं भू विज्ञान विभाग द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।



अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद शीशराम यादव ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों की पालना में चंबल नदी के अवैध खनन में लिप्त व्यक्तियों तथा अवैध खनन से वन्य एवं जलीय जीवों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करने हेतु शिविर में आमजन को संबोधित करते हुए अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि नदी क्षेत्र में अवैध खनन करना गंभीर अपराध है। सब मिलकर चंबल नदी क्षेत्र में पाए जाने वाले दुर्लभ प्रजाति के जलीय जीवों, घड़ियालों, कछुओं को बचाने में अपना अहम योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवा अवैध खनन कार्य को छोड़ वैकल्पिक रोजगार के अवसरों का लाभ उठाएं। चंबल में अवैध खनन घड़ियाल, मगरमच्छ, कछुआ और अन्य जलीय जीवों के लिए घातक है। घड़ियालों को बचाने के लिए अवैध खनन कार्य को छोड़ कर राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से रोजगार के नए विकल्प तलाश किए जा सकते हैं। इस दौरान उपखंड अधिकारी गिरधर सिंह ने कहा कि घड़ियाल और अन्य जलीय जीवों द्वारा चंबल नदी की रेत में अंडे सुरक्षित रखे जाते हैं। रेत का उत्खनन करते समय अंडों को क्षति होती है जिससे इन जलीय जीवों की प्रजाति पर संकट आ गया है। इसी प्रकार रेत उत्खनन कार्य चलता रहा तो इन जलीय जीवों की प्रजातियां विलुप्त हो जायेंगी। शिविर के दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी , इंदिरा गांधी शहरी रोजगार योजना, मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, 1 रुपए किलो गेंहू, मुख्यमंत्री युवा संबल योजना सहित अन्य फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी गई जिससे अवैध खनन में लिप्त व्यक्ति इस कार्य को छोड़कर आजीविका हेतु अन्य नए कार्य कर सकते हैं। जागरूकता शिविर में स्नातक बेरोजगार युवाओं को बेरोजगार भत्ता के भुगतान एवं मुख्यमंत्री युवा संबल योजना की जानकारी देते हुए बताया कि 1 जनवरी 2022 से पुरुष आवेदकों को 4000 एवं महिला व दिव्यांग आवेदकों को 4500 दिये जाने का प्रावधान है। इसके लिए राजस्थान का मूल निवासी होना आवश्यक है। रोजगार कार्यालय में स्नातक योग्यता के साथ आवेदन करने की तिथि को या पूर्व से पंजीकृत हो, बेरोजगार हो एवं अध्यनरत नहीं हो। इसी प्रकार जिला उद्योग केंद्र द्वारा संचालित मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना एवं लघु सूक्ष्म उद्योग के लिए आवेदन कर लाभ उठा सकते हैं और अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकते हैं। अनुजा निगम द्वारा संचालित अनुसूचित जाति जनजाति के तहत भैंस पालन, बकरी पालन, किराना स्टोर एवं ट्रैक्टर ट्राली के लिए आवेदन कर लाभ ले सकते हैं और स्वयं का अपना रोजगार स्थापित कर सकते हैं। शिविर में एम ई मुकेश मंगल, जिला उद्योग केंद्र के मितुल गोयल सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर 29/3/23

# चंबल नदी में अवैध खनन को रोकने लिए क्षेत्रवासी सहयोग करें : मनीष

**धौलपुर**| चंबल नदी में अवैध खनन में लिप्त लोगों को समझाइश कर रोजगार के नए विकल्पों की ओर मोडने के लिए जिला प्रशासन लगातार जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला कलक्टर अनिल कुमार अग्रवाल के निर्देशन में सरमथुरा के गाँव झिरी में जिला प्रशासन तथा खान एवं भू विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में भी विभागों के अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने अवैध खनन के दुष्प्रभाव, अवैध खनन में संलिप्त लोगों के विरूद्ध की जाने वाली कानूनी कार्यवाही, प्रावधानों की जानकारी देते हुए अवैध खनन कार्य को पूर्ण रूप से छोड़कर अन्य वैकल्पिक रोजगारों की ओर उन्मुख होने की अपील की।

उपखण्ड अधिकारी मनीष कुमार जाटव ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि चंबल नदी में अवैध खनन करने से उसमें निवास करने वाले जलीय जीव जन्तुओं घड़ियाल, मगरमच्छ, कछुआ, मछलियों के जीवन पर संकट आता है, जिससे पर्यावरण के लिए उक्त प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर है। हमारा नैतिक दायित्व है कि हमें इन जलीय जन्तुओं को बचाने के लिए केवल अवैध खनन को रोकना ही नही वरन उनके जीवन को बचाने के लिए संरक्षण प्रदान करना चाहिए।

उपखण्ड अधिकारी ने आमजन को सम्पूर्ण पारिस्थितिक तंत्र की उपयोगिता, खाद्य जाल, खाद्य श्रृंखला के स्वरूप को उजागर करते हुए वन्य जीव, जलीय जीव व प्राणीजात के अन्तर्संबंधों के महत्व को समझाया। शिविर में वन विभाग, परिवहन विभाग, खनन विभाग के अधिकारियों ने जन समुदाय को संबोधित करने हेतु चंबल नदी से अवैध खनन करने में संलिप्त लोगों के विरूद्ध की जाने वाली कार्यवाही के प्रावधानों के बारे में बताया तथा इस प्रकार की गैर कानूनी कार्यवाहियों में संलिप्त न होने की अपील की ताकि कानूनी कार्यवाही के दुष्प्रभावों से अपने परिवार के भविष्य को सुखद व सुरक्षित बनाएं।


एवं भू-विज्ञान विभाग, धौलपुर
2023/03/24 11:56

## Annexure-16

कार्यालय जिला कार्यक्रम समन्वयक, (नरेगा) एवं जिला कलक्टर धौलपुर

क्रमांक : मनरेगा / 2023 / 373।　　　　　　　　　　दिनांक 10.01.2023

खनिज अभियन्ता
धौलपुर

विषय :— माननीय न्यायालय एन.जी.टी. नई दिल्ली के प्रकरण क्रमांक ओ0ए0248 / 2022 (हिन्दु समाचार पत्र दिनांक 27.03.2022 में प्रकाशित शीर्षक " **Digging up to Chambal**" के संबंध में।

प्रसंग :— आपके कार्यालय पत्रांक 01 दिनांक 06.01.2023 के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत प्रासांगिक पत्र के क्रम में बैठक कार्यवाही विवरण में क्रमांक 4 पर दर्ज सिफारिस **Creating alternative livelihood opportunity for locals who are totally dependent on illegal mining** के संलिप्त स्थानीय लोगो के लिये वैकल्पि रोजगार के तहत मनरेगा योजनान्तर्गत कार्य स्वीकृत कर गत वर्षो में ग्रामपंचायत के अंतर्गत ग्रामों में रोजगार दिया गया हैं।

| क्र.सं. | ग्राम पंचायत का नाम | | स्वीकृत कार्य | सृजित मानव दिवस |
|---|---|---|---|---|
| | ग्राम पंचायत | ग्राम | | |
| 1 | समौना | समौना | 46 | 1006 |
| 2 | बसईकारे | जैतपुर | 124 | 10499 |
| 3 | फरासपुरा | अण्डवापुरैनी | 190 | 14667 |
| 4 | भैसेना | भूराखेडा | 128 | 1481 |
| 5 | बसईनीम | बसईनीम, बीछिया | 114 | 7669 |
| 6 | मोरोली | मोरोली | 99 | 3819 |
| 7 | बसईडांग | चंदीलपुर | 176 | 13301 |
| | कस्बानगर | कस्बानगर | 125 | 10475 |
| 8 | सेवरपाली | सेवरपाली | 314 | 33418 |
| 9 | झिरी | झिरी, शंकरपुरा | 259 | 20091 |
| | | | 1575 | 116426 |

अधिशाषी अभियन्ता ईजीएस
जिला परिषद, धौलपुर

# Annexure-17

कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभयारण्य, सवाईमाधोपुर

क्रमांकः एफ ( ) उवस/स्टोर/2022–23/ 5597 दिनांकः– 23.01.2023

निमित,

श्रीमान निदेशक,
पर्यटन विभाग, जयपुर

विषयः– राज्य बजट 2022–23 घोषणा पैरा संख्या 105 (1) प्रत्येक जिले के 2–2 पर्यटक स्थलों को चिन्हित कर जन सुविधा संबंधी कार्य क्रियान्वयन के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव पर वित्त विभाग द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुसरण में संशोधित प्रस्ताव भिजवाये जाने के क्रम में।

सन्दर्भ :– श्रीमान जिला कलेक्टर धौलपुर का पत्रांक पर्यटन/सामान्य/2018/116 दिनांक 12-01-2023

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि बजट 2022–23 अन्तर्गत की गई घोषणा के परिप्रेक्ष्य में जिले में निम्नलिखित दो प्रसिद्ध / महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों क्रमशः श्री हनुमान जी किला शेरगढ धौलपुर लागत 1.5 करोड़ तथा चम्बल सफारी धौलपुर लागत 1.5 करोड़ के तकमीना / विस्तृत लागत प्रस्ताव संलग्न किया जाकर अग्रिम कार्यवाही हेतु संलग्न प्रेषित है

भवदीय

(अनिल कुमार यादव)
उप वन संरक्षक (वन्यजीव)
राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभयारण्य
सवाईमाधोपुर

क्रमांकः एफ ( ) उवस/स्टोर/2022–23/ 5598–5600 दिनांकः– 23.01.2023

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित है

1. निजी सचिव प्रमुख शासन सचिव पर्यटन विभाग राजस्थान सरकार जयपुर
2. श्रीमान जिला कलेक्टर धौलपुर
3. उप निदेशक पर्यटन स्वागत केंद्र भरतपुर

उप वन संरक्षक (वन्यजीव)
राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभयारण्य
सवाईमाधोपुर

**Hanuman Mandir (NCS Dholpur)**

| Sr. No | Name of Work | Cost(Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Sitting Area with Roofing for Wild Life Monitoring | 10 |
| 2 | Inspection Path for Wild Life Monitoring | 20 |
| 3 | Chairs,Tables, Gates etc | 15 |
| 4 | Eco-Huts 4 Nos | 13 |
| 5 | Landscaping and Tree Plantation | 20 |
| 6 | Gardening pots | 06 |
| 7 | Toilets | 10 |
| 8 | Ghariyal Breeding Center Fencing | 05 |
| 9 | Water Supply for Ghariyal Breeding | 20 |
| 10 | Ghariyal and Wildlife Monitoring Center | 15 |
| 11 | Juliflora Removal for Habitat Development | 13 |
| 12 | Drip Irrigation for Plants | 03 |
| **Total** | | 150 |

उप वन संरक्षक (वन्यजीव)
राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभयारण्य
सवाईमाधोपुर

**Chambal Safari(NCS Dholpur)**

| Sr. No. | Name of Work | Cost (Rs) |
|---|---|---|
| 1. | Swiss Tents and Platform 2 Nos | 10.00 |
| 2. | Inspection Path for Wildlife Monitoring | 20.00 |
| 3. | Pitching Soil Erosion Control | 20.00 |
| 4. | Dolphin Monitoring Point Stairs | 10.00 |
| 5. | Railing for Wild Life Monitoring | 06.00 |
| 6. | Pathway Development for Soil Stabilization | 40.00 |
| 7. | Bio Toilets | 04.00 |
| 8. | DIS-EMBARKMENT & EMBARKMENT PLATFORM for Boats | 30.00 |
| 9. | Boat FRP 1 No | 10.00 |
| | **Total** | **150.00** |

उप वन संरक्षक (वन्यजीव)
राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभयारण्य
सवाईमाधोपुर

**Annexure-18**

**25.02.2023**

# अवैध खनन पर टीम बना करें कार्रवाई

**धौलपुर।** अवैध बजरी खनन से चंबल की जैव विविधता की क्षति को कम करने के लिए राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी), की कार्य योजना के संबंध में शुक्रवार को जिला कलक्टर अनिल कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में अवैध खनन को रोकने के लिए रणनीति बनाने पर चर्चा की गई।



**धौलपुर में एनजीटी कार्य योजना की बैठक लेते डीएम।** *संवाद*

जिला कलक्टर ने बताया कि चंबल से अवैध बजरी खनन के कारण घड़ियाल, कछुओं एवं मगरमच्छों आदि को हानि होती है। बजरी खनन से इन प्रजातियों के आवास की क्षति होती है एवं उनके अंडों को भी हानि होती है।

अवैध खनन के विरूद्ध वन, खनन एवं पुलिस की संयुक्त टास्कफोर्स के गठन के निर्देश दिए। सागर पाड़ा चौकी पर नाका स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन, परिवहन, खनन एवं पुलिस साथ मिलकर कार्य करें। डेटा व्यवस्थित रखें जिसमें तारीख, वाहन नंबर, वाहन मालिक का नाम, चालक का नाम होना चाहिए।

सद अधिकारी को आदेश दिए जिससे अवैध बजरी खनन में प्रयुक्त वाहनों को उनके फिलिंग स्टेशन पर ईंधन न दिया जाए।

दै० राज० पत्रिका 6/3/23

# ईंटों की आड़ में चंबल बजरी की तस्करी, एक पकड़ा



राजाखेड़ा. पुलिस थाने में खड़ा बजरी से भरा ट्रोला।

## पुलिस ने चार ट्रेक्टर ट्रॉली किए जब्त

## शमशाबाद-राजाखेड़ा बॉर्डर पर हुई कार्रवाई

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**राजाखेड़ा.** ईंटों की आड़ में प्रतिबंधित अवैध चंबल बजरी की तस्करी करने वाले के गिरोह का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई में अवैध बजरी लदे चार ट्रेक्टर-ट्रॉलियों को भी जब्त किया है। पुलिस अब मामले की जांच में जुटी हुई है।

थाना प्रभारी गंगासहाय मीना ने बताया कि शमशाबाद-राजाखेड़ा बॉर्डर पर नाकाबंदी के दौरान शनिवार रात को मुनेश पुत्र निरोतीलाल निषाद निवासी डोंगरपुर कुछ ईंटों से भरे हुए ट्रेक्टर-ट्रॉली के साथ आता दिखाई दिया। पुलिस ने रोका तो ट्रेक्टर चालक अपने ट्रेक्टर को छोडकर भागने लगा। जिस पर पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से 4 ट्रेक्टर ट्रॉलियों को जब्त किया है।

## प्रतिदिन आगरा व धौलपुर जाते हैं ट्रोले

राजाखेड़ा उपखण्ड क्षेत्र में 100 से अधिक वैध-अवैध ईंट भट्टों से 200 से अधिक ऐसे ट्रोले प्रतिदिन आगरा और धौलपुर की ओर जाते हैं। इनमें से बड़ी संख्या में ट्रोले ईंटों की आड़ में चम्बल रेता की तस्करी कर रहे हैं। लेकिन ये पहली बार पकड़ में आ पाए हैं। ये ट्रोले देर रात आगरा मार्ग पर जाम के भी हालात पैदा कर देते हैं। अब इनके पकड़े जाने से इनकी संख्या पर लगाम की उम्मीद बंधी है।

14.03.2023

# अवैध रूप से रेता ले जाते एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

सरमथुरा @ पत्रिका. पुलिस व वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई सरमथुरा थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार शर्मा एवं वन विभाग की टीम के नेतत्व में मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए बिलौनी गांव के पास से एक टैक्टर को अवैध रूप से चंबल रेता ले जाते मय ट्रॉली के जब्त किया। टैक्टर चालक ऊबड़-खाबड़ खानों का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। वहीं पुलिस ने उक्त टैक्टर ट्रॉली को जब्त कर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम व फॉरेस्ट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। मौके पर थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार शर्मा, कांस्टेबल भंवर सिंह, समुंद्र सिंह, संदीप सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

15.03.2023

# अवैध चंबल बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त, एक गिरफ्तार

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**सैंपऊ @ पत्रिका.** कस्बा थाना पुलिस ने अवैध चंबल बजरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर ट्रॉली सहित चालक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देशानुसार चलाए जा रहे अवैध बजरी के खिलाफ अभियान को लेकर मंगलवार सुबह नाकाबंदी के दौरान पुलिस टीम ने अवैध बजरी से भरे एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया है। पुलिस ने ड्राइवर को भी गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी सहीराम यादव ने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक विजय कुमार के निर्देशानुसार मंगलवार सुबह नाकाबंदी के दौरान पार्वती नदी पुलिया के पास से अवैध चंबल रेत से भरे ट्रैक्टर महिंद्रा 475 को जब्त किया है। वहीं पुलिस जवानों द्वारा भागने के प्रयास कर रहे ड्राइवर को भी गिरफ्तार किया गया। ड्राइवर ने पूछताछ में अपना नाम राजकुमार बताया। उक्त प्रकरण में मामला दर्ज कर पुलिस द्वारा अनुसंधान शुरू कर दिया है।

दै० अमर उजाला 15/3/23

# चंबल घड़ियाल अभयारण्य से लोगों का विस्थापन कराएंगे

## तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन, ग्रामीणों से ली गई सहमति

धौलपुर। राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल क्षेत्र से लोगों का विस्थापन कराया जाएगा। जिला प्रशासन ने विस्थापन संबंधी तैयारियां शुरू कर दी हैं। अभयारण्य क्षेत्र में आने वाले चन्द्रपुर गांव के ग्रामीणों को सहमति लेकर जमीन या मुआवजा दिया जाएगा।

जिला कलेक्टर अनिल कुमार अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल अभयारण्य क्षेत्र में आने वाले जिले के सरमथुरा उपखंड क्षेत्र के गांव चंद्रपुर के लोगों से इस संबंध में सहमति ली

### जमीन या नगद धनराशि में दिया जाएगा मुआवजा

गई है। डीएम ने चंद्रपुर के पास सीमांकन कराने और ग्रामीणों को इससे अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में विस्थापित होने वाले लोगों के पुनर्वास के लिए भूमि या नकद मुआवजा देने पर चर्चा की गई। पशुपालन विभाग को प्रभावित लोगों के पशुधन की गणना के निर्देश दिए ताकि क्षतिपूर्ति की प्रक्रिया हो सके। उपखंडाधिकारी सरमथुरा को विस्थापित लोगों के भू स्वामित्व रिकॉर्ड प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल अभयारण्य क्षेत्र के उप वन संरक्षक अनिल कुमार यादव ने बताया कि जंतु मानव विवाद एवं वन्यजीवों की सुभेद्यता को ध्यान में रखते हुए चंबल नदी के किनारे से चंद्रपुर गांव के लोगों का पुनर्वास किया जाएगा। मुआवजे एवं क्षतिपूर्ति हेतु 18 वर्ष से अधिक उम्र के वयस्क को परिवार माना जाएगा एवं उसे नकद या जमीन दी जाएगी। संवाद

**18.03.2023**

# तीन राज्य मिलकर रोकेंगे बजरी का अवैध उत्खनन व परिवहन

## एनजीटी के नए निर्देशों की हो सख्ती से पालना

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



धौलपुर. मुरैना के देवरी में आयोजित अन्तरराज्यीय बैठक को संबोधित करते जिला कलक्टर अनिल कुमार अग्रवाल। साथ हैं पुलिस अधीक्षक. मनोज कुमार। पत्रिका

धौलपुर. चंबल नदी से बजरी के अवैध उत्खनन और इसके अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए तीन राज्य राजस्थान, उत्तरप्रदेश और मध्य प्रदेश साथ आए हैं।

शुक्रवार को मुरैना के देवरी स्थित घडियाल पालन केन्द्र पर धौलपुर, मुरैना और आगरा जिलों के जिला कलक्टर पुलिस अधीक्षक और वन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में धौलपुर जिला कलक्टर ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के छह फरवरी के नए आदेशों की अनुपालनां के लिए सख्ती बरतने की आवश्यकता जताई। बैठक मे तीनों ही जिले अन्तरराज्यीय सीमा पर चौकसी बढ़ाने पर सहमत हुए। अग्रवाल ने कहा कि धौलपुर में भी मध्यप्रदेश सीमा पर सागरपाड़ा चौकी पर अतिरिक्त जाप्ता लगाया गया है। वहीं, उत्तर प्रदेश सीमा पर बरैठा चौकी पर भी अतिरिक्त जाप्ता लगाया जा रहा है। बजरी तस्करी के हरसंभव मार्गो पर पुलिस बल तैनात किया जा रहा है। अग्रवाल ने युवाओं व तस्करी में लिप्त लोगों से सम्मानजनक आजीविका के लिए सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक. मनोज कुमार, राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य के डीएफओ अनिल कुमार यादव, मुरैना डीएफओ स्वरूप दीक्षित आदि मौजूद रहे।

**21.03.2023**

# 'अवैध बजरी परिवहन पर सख्ती से लगाएं रोक'



धौलपुर. कलक्ट्रेट में अधिकारियों की बैठक लेते जिला कलक्टर।

धौलपुर @ पत्रिका. जिला कलक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला कलक्टर अनिल कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें बजट घोषणाओं की क्रियान्विति से संबंधित भूमि आवंटन को लेकर सभी विभागों को भूमि आवंटन को लेकर प्रस्ताव की प्रक्रिया करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने कहा कि 23 मार्च को शहीद दिवस पर निकलने वाली अहिंसा रैली को लेकर सभी उपखण्ड मुख्यालयों पर रैली निकालने के संबंध मे निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी को आयोजन होने पर छात्रों को एकत्रित करने के लिए व गांधी दर्शन और देशभक्तिपूर्ण नारों को लेकर दिशा निर्देश दिए। उपखण्ड अधिकारी धौलपुर, बाड़ी, राजाखेड़ा व सरमथुरा को बजरी अवैध खनन को रोकने के लिए बैठक में निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने सभी विभागों को अपने बकाया बिजली बिलों को भुगतान के निर्देश दिए। जिला रोजगार अधिकारी को मुख्यमंत्री युवा संबल योजना के लाभार्थियों को 23 व 24 मार्च भरतपुर में होने वाले मेगा जॉब फेयर में भागीदारी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने सभी विभागों को संपर्क पोर्टल पर लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**21.03.2023**

दैo हिन्दुस्तान एक्सप्रेस 21/3/23

# घडियालों का घर बचाने की कवायद, तीन राज्यों की मुख्य सचिव स्तरीय कॉन्फ्रेंस

-: हिन्दुस्तान एक्सप्रेस :



धौलपुर। चंबल से अवेध बजरी खनन एवं इसके परिवहन को रोकने हेतु उत्तरप्रदश, मध्यप्रदेश एवं राजस्थान के मुख्य सचिव की सह अध्यक्षता में वर्चुअल कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। बैठक में अवैध बजरी खनन को रोकने हेतु तीनों राज्यों के अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन जॉइन्ट एक्सन प्लान पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव ऊषा शर्मा ने बताया कि राजस्थान की सीमा में अवैध बजरी खनन नहीं हो रहा है बल्कि पडोस के राज्यों से होने वाली बजरी खनन के परिवहन हेतु राजस्थान सीमा में प्रवेश कर राज्य के मार्गो का उपयोग किया जा रहा है। बैठक में तीनों राज्यों की जॉइन्ट चैक पोस्ट स्थापित करने पर भी चर्चा की गई। जिला कलक्टर अनिल कुमार अग्रवाल ने अवैध बजरी खनन के परिवहन को रोकने हेतु जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही का विवरण दिया साथ ही पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार ने पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में बताया। मुख्य सचिव ऊषा शर्मा ने जिला कलेक्टर धौलपुर को अवैध बजरी खनन के परिवहन को रोकने हेतु नोडल अधिकारी बनाया। मुख्य सचिव ने कहा कि अवेध बजरी खनन की समस्या तभी हल हो सकेगी जब खनन स्रोत पर ही कडी कार्यवाही की जायेगी।

**22.03.2023**

# लोगों को बताएंगे अवैध खनन के दुष्प्रभाव

## जागरुकता शिविर आज से

**धौलपुर @ पत्रिका.** राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों की पालना में चंबल नदी के अवैध खनन में लिप्त व्यक्तियों को जागरूक करने, अवैध खनन से वन्यजीवों पर पडने वाले दुष्प्रभाव तथा अवैध खनन में लिप्त व्यक्तियों व वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की जानकारी देने के लिए जिले में शिविर लगाए जाएंगे। जिला कलक्टर अनिल कुमार अग्रवाल ने बताया कि 22 मार्च को धौलपुर तहसील में हरिगिरि बाबा का मंदिर मजरा बढ़ापुर ग्राम मौरोली, 24 मार्च को बाड़ी तहसील में राजीव गांधी सेवा केन्द्र सेवरपाली, 27 मार्च को तहसील राजाखेड़ा में राजीव गांधी सेवा केन्द्र चीलपुरा तथा 28 मार्च को तहसील सरमथुरा में राजीव गांधी सेवा केन्द्र झिरी पर जागरुकता शिविर आयोजित किए जाएंगे।

दै० राज० पत्रिका 25/3/23

## जिला कलक्टर ने धारा 144 के तहत जारी किए आदेश

# 'बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के वाहनों नहीं मिलेगा डीजल-पेट्रोल'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**धौलपुर.** जिला कलक्टर अनिल कुमार अग्रवाल ने जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अन्तर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते चम्बल नदी से अवैध रूप से रेत बजरी परिवहन मे प्रयुक्त बिना नम्बरी वाहनों को डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति नहीं करने व तेल कम्पनी की ओर से निर्धारित मापदंड, सुसंगत अधिनियम के प्रावधान केन्द्र/राज्य सरकार की ओर से जारी निर्धारित सीमा से अधिक डीजल-पेट्रोल कंटेनर में नहीं देने के आदेश जारी किए हैं।

जिला कलक्टर ने बताया कि चंबल नदी क्षेत्र में बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के वाहनों से अवैध बजरी खनन व परिवहन में लिप्त होने की आशंका रहती है। जिससे कई बार दुर्घटना होने पर वाहन की पहचान किया जाना संभव नहीं हो पाता है।

बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के वाहनों से कभी भी आपराधिक घटना की जा सकती है।

एनजीटी ने भी चंबल नदी में अवैध रूप से बजरी खनन व परिवहन में प्रयुक्त वाहनों को डीजल-पेट्रोल नहीं दिए जाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक ने भी बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर वाले वाहनों को डीजल-पेट्रोल नहीं दिए जाने के आदेश जारी करने का अनुरोध किया है। इस पर संज्ञान लेते हुए इन आदेशों का उलंघन करने पर भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 188 व अन्य प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के लिए जिले के समस्त उपखण्ड मजिस्ट्रेट, पुलिस वृत्ताधिकारियों, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट, जिला रसद अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी एवं जिले के समस्त थानाधिकारियों को अधिकृत किया जाता है। यह आदेश 24 मार्च से लागू होकर अग्रिम आदेशों तक प्रभाव के रहेगा। आदेश की निषेधाज्ञा का उल्लंघन किए जाने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत दंडित किया जाएगा।

दिनांक 25/03/2023

# बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के वाहनों को नही मिलेगा डीजल ,पेट्रोल

## जिला कलक्टर अनिल कुमार अग्रवाल ने जारी किए आदेश

-: हिन्दुस्तान एक्सप्रेस :-

धौलपुर। चंबल नदी क्षेत्र में बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के वाहनों द्वारा नदी से अवैध बजरी खनन व परिवहन में लिप्त होने की संभावना रहती है। जिससे कई बार दुर्घटना होने पर वाहन की पहचान किया जाना संभव नहीं हो पाता है। तथा बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के वाहनों से कभी भी आपराधिक घटना की जा सकती है। बिना नम्बर प्लेट के वाहन होने से उनको चिन्हित करने में भी कठिनाई होती हैं। जिससे आमजन में रोष व्याप्त होकर कानून व्यवस्था बिगड़ने की भी आशंका रहती है। माननीय ग्रीन ट्रिब्यूनल दिल्ली द्वारा भी चंबल नदी में अवैध रूप से बजरी ,रेता खनन व परिवहन में प्रयुक्त वाहनों को डीजल पेट्रोल नही दिये जाने के निर्देश दिये है। जिला पुलिस अधीक्षक धौलपुर द्वारा भी बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर वाले वाहनों को डीजल पेट्रोल नहीं दिये जाने के आदेश जारी करने हेतु अनुरोध किया है। इस पर संज्ञान लेते हुए जिला कलक्टर अनिल कुमार अग्रवाल ने जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाये रखने हेतु इन परिस्थितियों को ध्यान में रखकर दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अन्तर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते चम्बल नदी से रूप से रेत बजरी परिवहन में प्रयुक्त बिना नम्बरी वाहनों ट्रेक्टर ट्रेक इत्यादि को डीजल पेट्रोल की आपूर्ति नहीं करने, ऑयल मार्केटिंग कम्पनी द्वारा निर्धारित मापदन्य, सुसंगत अधिनियम के प्रावधान केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक डीजल पेट्रोल कंटेनर में नहीं देने के आदेश जारी किए है। इन आदेशों का उलंघन करने पर भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 188 व अन्य प्रासगिक धाराओं के अंतर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही हेतु जिले के समस्त उपखण्ड मजिस्ट्रेटों समस्त पुलिस वृत्ताधिकारियो,तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट, जिला रसद अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी एवं जिले के समस्त थानाधिकारियों को अधिकृत किया जाता है। यह आदेश आज़ 24 मार्च 2023 से लागू होकर अग्रिम आदेशों तक प्रभाव के रहेगा। आदेश की निषेधाज्ञा की या उल्लंघन किये जाने पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत दंडित किया जावेगा।

दिनांक 26/03/2023

# अवैध चंबल रेता ले जाते तीन गिरफ्तार, तीन ट्रेक्टर ट्रॉलियां भी जब्त

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com



राजाखेड़ा. अवैध चंबल रेता ले जाते पकड़े आरोपी। पत्रिका

**राजाखेड़ा.** अवैध चम्बल रेता बजरी ले जाते हुये तीन व्यक्तियों को राजाखेड़ा पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया। राजस्थान पत्रिका में शनिवार को प्रकाशित समाचार के बाद हरकत में आई पुलिस ने मय चम्बल रेता बजरी भरे हुए तीन ट्रैक्टर ट्रॉलियों के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया।

इनके खिलाफ अवैध चम्बल रेता बजरी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई की। थानाधिकारी गंगासहाय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चम्बल रेता बजरी परिवहन कर ले जाने वाले तीन ट्रैक्टर मय ट्रोली अवैध चम्बल रेता बजरी भरे हुए को जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में विनोद पुत्र सियाराम जाति राठौर उम्र 35 साल नि0 मेहहोली जिला धौलपुर, सोमेश पुत्र श्रीनिवास जाति ब्राह्मण नि. पुरैनी थाना दिहोली, गजेन्द्र उर्फ गब्बर पुत्र जनकसिंह जाति ठाकुर नि0 गढ़ीवालापुरा (पुरैनी) थाना दिहोली शामिल है। विशेष पुलिस टीम में गंगासहाय थानाधिकारी, दीनदयाल एएसआई, आनन्द कुमार एचसी, विशालसिंह एचसी, सुरेशचन्द्र एचसी, सुशील कुमार कानि, बबलू कानि, यतेन्द्र कानि, रामसहाय शामिल रहे।

दि-ांक 26/03/2023

# अवैध खनन, छह ट्रेक्टर ट्रॉलियां पकड़ी

**सैंपऊ @ पत्रिका.** थाना पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए छह ट्रेक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर आरोपी चालकों को पकड़ा है। थानाधिकारी सहीराम यादव ने बताया कि अभियान के दौरान टीम गठित कर अवैध खनन के कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया। बसई नवाब रोड से चंबल रेता से भरी ट्रेक्टर ट्रॉली को पुलिस ने जब्त कर चालक को पकड़ा है। वहीं, अवैध पत्थर से भरे ट्रेक्टर को कैथरी बॉर्डर से जब्त किया। इसी तरह एक ट्रेक्टर को तसीमों पुल के पास से पकड़ा। जबकि ट्रेक्टर ट्रॉली अवैध पत्थरों से भरा दुबेपुरा मोड़ से जब्त किया है। वहीं, दो ट्रेक्टर ट्रॉली को कुम्हेरी प्याऊ व जाकी से पकड़ा है। पुलिस ने कार्रवाई में आरोपी गुड्डू पुत्र आदिराम कुशवाहा निवासी टेहरी का पुरा, अजीत सिंह पुत्र मंगल सिंह गुर्जर निवासी सूबे का पुरा, सोनू पुत्र सीताराम गुर्जर निवासी सूबे का पुरा, संदीप पुत्र कुमरसिंह गुर्जर, भगवत राम पुत्र रमेश चंद निवासी खेरा का पुरा, अमरेश पुत्र मुन्नालाल निवासी खैमरी को पकड़ा है।

दिनांक 26/03/2023

# अवैध खनन व परिवहन पर कार्रवाई, पांच माफिया गिरफ्तार

CRIME पत्रिका क्राइम रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



धौलपुर. कोतवाली थाना पुलिस की गिरफ्त में अवैध खनन में लिप्त आरोपित।



धौलपुर. सदर थाना पुलिस की गिरफ्त में बजरी माफिया।

धौलपुर. चंबल से बजरी के अवैध परिवहन पर कार्रवाई करते हुए कोतवाली व सदर थाना पुलिस ने अवैध खनन व परिवहन में लिप्त पांच माफिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बजरी से भरे पांच व अवैध पत्थर से भरे दो ट्रेक्टर- ट्रॉली को भी जब्त किया है।

कोतवाली थाना प्रभारी अनिल जसोरिया ने बताया कि थाना पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध खनन में लिप्त चार माफियाओं को गिरफ्तार किया है। वहीं, चार ट्रेक्टर-ट्रॉली भी जब्त किए गए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि झोरवाली माता तिराहे और हाउसिंग बोर्ड पुलिस चौकी के सामने अवैध खनन के पत्थर से भरे दो ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त कर हिन्नौदा का पुरा निवासी मोनू जाटव (20) व पुरानी छावनी निवासी बंटू बेग (27) को गिरफ्तार किया है। वहीं, थाना पुलिस ने रजावली मोड़ व लुहारी पर नाकाबंदी कर अवैध चंबल रेता से भरे दो ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। इस मामले में दो बजरी माफिया शंकरपुरा निवासी राजवीर सिंह निषाद (40) तथा गोपालपुरा निवासी कुमरसेन ठाकुर (40) को गिरफ्तार किया है।

उधर, सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध चंबल रेता से भरे तीन ट्रेक्टर-ट्रॉली जब्त की हैं। वहीं, एक बजरी माफिया को भी गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी हनुमान सहाय ने बताया कि बजरी माफिया शंकरपुरा निवासी बंटी निषाद (32) को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान दो बजरी माफिया भागने में सफल रहे।

दिनांक 26/03/2023

राजस्थान पत्रिका ने पूर्व में ही चेता दिया था, बजरी स्टॉक करने वालों पर भी शुरू हुई कार्रवाई

# अवैध खनन पर कड़ा प्रहार, पूरी सागरपाड़ा चौकी बदली, जमीनों को करेंगे सरकारी



धौलपुर. सागरपाड़ा पुलिस चौकी पर रेता का अवैध खनन व परिवहन रोकने तैनात जाप्ता। फाइल फोटो

## सिवाय चक होगी बजरी स्टॉक वाली भूमि

उधर, प्रशासन ने भी चंबल बजरी का अवैध स्टॉक करने वालों के खिलाफ सख्ती शुरू कर दी है। धारा 177 के तहत ऐसी भूमि को निजी खातेदारी से सिवाय चक यानि सरकारी भूमि बनाने की कवायद शुरू हो गई है। इस संबंध में उपखंड अधिकारी अनूप सिंह ने शेखूपुर व सुंदरपुर गांवों में चार भूमि के मालिकों को नोटिस दिया है। सिंह ने बताया कि शेखूपुर निवासी रामवीर पुत्र स्व. छत्र सिंह, मुईनुद्दीन पुत्र कमरुद्दीन व जन्नू पुत्र भगवान सिंह, आशा पुत्री दौलतराम, कन्हैया पुत्र भगवान सिंह वगैरह तथा सुंदरपुर निवासी अचलसिंह, भरतसिंह व हरिकेश पुत्र इंदरसिंह वगैरह की जमीनों पर चंबल बजरी का अवैध स्टॉक पाया गया था। तहसीलदार की रिपोर्ट पर इन जमीनों की किस्म बदल कर सिवाय चक करने अर्थात सरकारी करने की न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

पत्रिका

### स्पॉटलाइट

## जिलेभर में चलाए जा रहे हैं जागरुकता शिविर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**धौलपुर.** चंबल के किनारे हो रहे अवैध खनन पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के कड़े रवैए के बाद धौलपुर में बजरी माफियाओं और इनके सहयोगियों पर धड़ाधड़ कार्रवाई हो रही है। पुलिस अधीक्षक ने पूरी सागरपाड़ा चौकी ही बदल दी है। इस संबंध में राजस्थान पत्रिका ने 25 मार्च के अंक में 'सागरपाड़ा पुलिस चौकी पर गिर सकती है गाज!' शीर्षक से समाचार प्रकाशित कर अवैध खनन मामले मे कोतवाली थानान्तर्गत मध्यप्रदेश सीमा पर नेशनल हाइवे 44 स्थित सागरपाड़ा चौकी का पूरा स्टाफ बदले जाने की आशंका को लेकर समाचार प्रकाशित किया था। शनिवार को चौकी का पूरा स्टाफ बदल दिया गया। बता दें, चंबल से रेता के अवैध उत्खनन और परिवहन को लेकर एनजीटी ने सख्त रवैया अपनाया है। 16 मार्च को एनजीटी ने इसे लेकर नए आदेश भी जारी किए हैं। सूत्रों के मुताबिक एनजीटी के नए आदेशों को लेकर जिलास्तरीय बैठक में भी सागरपाड़ा चौकी से होकर चंबल रेता के अवैध परिवहन का मामला उठा था। वहीं, प्रशासन ने भी अवैध खनन में लिप्त लोगों की समझाइश के लिए जिलेभर में जागरुकता शिविरों का आयोजन किया है। बजरी का स्टॉक करने वालों की भूमि को सरकारी करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

### फॉलोअप



**सागरपाड़ा पुलिस चौकी पर गिर सकती है गाज!**

*25 मार्च को प्रकाशित खबर।*

### जिलेभर में कार्रवाई

उधर, चंबल से बजरी के अवैध खनन को लेकर कार्रवाई की गई। विभिन्न थानों की पुलिस ने रेता का अवैध परिवहन कर रहे ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त कर बजरी माफिया को गिरफ्तार किया है। जिलेभर में हुई इस कार्रवाई से बजरी माफिया में हड़कंप मचा हुआ है।

### पोसवाल होंगे चौकी प्रभारी

कोतवाली थाना प्रभारी अनिल जसोरिया ने बताया कि सागरपाड़ा चौकी का स्टाफ बदला गया है। यहां तीन कांस्टेबल व एक इंचार्ज समेत चार पुलिसकर्मी तैनात थे। इन्हें हटाकर अब नया स्टाफ लगाया गया है। उप निरीक्षक नरेश पोसवाल को चौकी प्रभारी बनाया गया है।

### पहले समझाइश, फिर सख्ती

उधर, एनजीटी के आदेशों को लेकर जिला प्रशासन की ओर से अवैध बजरी उत्खनन में लिप्त लोगों की समझाइश के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं। इनमें लोगों को अवैध खनन के नुकसान और कानूनी प्रावधानों के बारे में समझाया जा रहा है। इसी के साथ बजरी माफियाओं पर कार्रवाई भी की जा रही है।

### इनका कहना है

एनजीटी के आदेशों को लेकर प्रशासन व पुलिस सख्त है। किसी कीमत पर चंबल से रेता का अवैध उत्खनन व परिवहन नहीं होने दिया जाएगा। ऐसे लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अनैतिक कार्य मे लिप्त लोग भी इसे छोड़ सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। विभिन्न योजनाओं में उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

अनिल कुमार अग्रवाल,
जिला कलक्टर धौलपुर

Shri Madan
Near Hanum

राजस्थान पत्रिका 07/09/2022

# चंबल बजरी का अवैध स्टॉक करने वाले दो गिरफ्तार

## अवैध स्टॉक को कराया नष्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**बाड़ी.** अवैध चम्बल रेता भण्डारण व परिवहन के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत सीओ मनीश कुमार के निर्देशन में थाना बाड़ी सदर की टीम ने राजस्व व वन अधिकारियों के साथ गांव अंमोलपुरा के मोहरू का पुरा में संयुक्त कार्रवाई कर चंबल बजरी का अवैध स्टॉक का नष्ट कराया।

मौके पर करीब 70-80 ट्रॉली अवैध चंबल बजरी का स्टॉक मिला, जिसे जेसीबी मशीन से खुर्द-बुर्द कर दिया।थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि अवैध रूप से चम्बल रेता का भण्डारण व परिवहन करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी जीतेन्द्र पुत्र भवती गुर्जर निवासी मोतीकापुर मजरा कुआखेड़ा थाना बाड़ी सदर व वीरेन्द्र पुत्र औतार गुर्जर निवासी मौहरुकापुरा मजरा कुआखेड़ा थाना बाड़ी सदर को गिरफ्तार किया है।



बाड़ी. अवैध बजरी मामले में पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

राजस्थान पत्रिका 08/09/2022

# चंबल बजरी का स्टॉक पकड़ा, एक डम्पर भी जब्त

## करीब 80 ट्रॉली रेता बरामद

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

धौलपुर. ज़िला पुलिस ने चंबल रेता के अवैध स्टॉक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार को करीब 80 ट्रॉली रेता बरामद किया है। पुलिस ने एक बड़े डम्पर को भी पकड़ा है। कोतवाली थाना प्रभारी अध्यात्म गौतम ने बताया कि कोतवाली पुलिस के साथ निहालगंज, सदर, महिला थाना, यातायात पुलिस व आरएसी की संयुक्त टीम ने वन विभाग के साथ कार्रवाई कर शेखूपुर के पास पहलवान कॉलोनी के पीछे खेतों और बाड़ों में पड़ा करीब 80 ट्रॉली अवैध बजरी का स्टॉक नष्ट कराया है। वहीं, एक बड़े डम्पर को भी वन विभाग ने जब्त किया है। मामले में स्टॉक करने वालों की तलाश की जा रही है।



धौलपुर. अवैध स्टॉक पर कार्रवाई करती जिला पुलिस व वन विभाग की टीम।

राजस्थान पत्रिका 13/09/2022

# रेता से भरा ट्रक जब्त,

धौलपुर @ पत्रिका. मनियां थाना पुलिस ने नेशनल हाइवे 44 स्थित



बरैठा चौकी पर नाकाबंदी के दौरान अवैध चंबल रेता से भरा ट्रक जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने दो बजरी माफिया को गिरफ्तार भी किया है। थाना प्रभारी लाखन सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक ट्रक चंबल रेता का अवैध परिवहन कर रहा है। इस पर बरैठा चौकी पर नाकाबंदी कराई गई। पुलिस ने बताया कि मुरैना मध्यप्रदेश के सरायछोला थाना के अजयचंद का पुरा निवासी रविकुमार गुर्जर (33) तथा मसूदपुर गांव निवासी रामदास गुर्जर (32) को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, ट्रक को जब्त कर लिया गया है।

राजस्थान पत्रिका 09/11/2022

# एक हजार का इनामी बजरी माफिया गिरफ्तार

## करीब पांच साल से था फरार

**धौलपुर @ पत्रिका.** निहालगंज थाना पुलिस ने करीब पांच साल से फरार चल रहे एक हजार रुपए के इनामी बजरी माफिया को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी बाबूलाल ने बताया कि कांस्टेबल शिवकुमार को मुखबिर से बजरी माफिया के बारे में सूचना मिली। इस पर पुलिस टीम धौलपुर बस स्टैंड पर पहुंची। पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने लगा। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम पचौरीपुरा मजरा रिठौरा थाना सरायछोला मध्यप्रदेश निवासी गन्नो उर्फ गजेन्द्र गुर्जर (31) बताया। वह करीब पांच साल से वन्यजीव अधिनियम में फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी पर एक हजार रुपए का इनाम घोषित था।



धौलपुर. निहालगंज थाना पुलिस की गिरफ्त में एक हजार का इनामी रेता माफिया।

राजस्थान पत्रिका
28/12/2022

# चंबल रेता का अवैध परिवहन: एक ट्रक व एक डंपर जब्त, चार गिरफ्तार




धौलपुर. निहालगंज थाना पुलिस की गिरफ्त में आरोपित।

## निहालगंज और मनियां थाना पुलिस की कार्रवाई



धौलपुर. मनियां थाना पुलिस की गिरफ्त में आरोपित।

धौलपुर. जिले से होकर रोज सैकड़ों की संख्या में ट्रेक्टर-ट्रॉलियों और ट्रक-डंपरों से चंबल रेता का परिवहन हो रहा है। लेकिन, जिले की पुलिस कभी-कभार इक्का-दुक्का कार्रवाई कर अपनी पीठ थपथपाती है। ऐसी ही दो कार्रवाई जिले में की गई हैं। मंगलवार को निहालगंज थाना पुलिस ने एक डंपर जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, मनियां थाना पुलिस ने भी एक ट्रक जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

निहालगंज थाना पुलिस ने बताया कि नेशनल हाइवे 44 पर मिडवे के सामने अवैध रूप से रेता ले जाते एक डंपर को जब्त किया गया। इस मामले में पुलिस ने डंपर चालक मौरोली निवासी बनवारी गुर्जर उर्फ करुआ (30) तथा उसके साथी टिकटौली थाना सुमावली मध्यप्रदेश निवासी रवि गुर्जर (19) को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, मनियां थाना प्रभारी लाखन सिंह ने बताया कि नेशनल हाइवे 44 पर बरैठा चौकी के आगे नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक आता दिखा। जिस पर तिरपाल ढंकी थी। बावर्दी पुलिस को देख दो लोग ट्रक को साइड में खड़ा कर भागने लगे। जिन्हें बरैठा चौकी प्रभारी जितेन्द्र सिंह व पुलिस टीम ने पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम मसूदपुर थाना सरायछोला मध्यप्रदेश निवासी विष्णु गुर्जर (25) तथा भगवान सिंह गुर्जर (40) बताया। जांच में ट्रक में अवैध रूप से चंबल बजरी का परिवहन पाया गया। इस पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर ट्रक को भी जब्त कर लिया है।

राजस्थान पत्रिका 29/12/2022

# दो ट्रेक्टर-ट्रॉली जब्त, बजरी माफिया फरार

**धौलपुर.** चंबल बजरी का अवैध रूप से परिवहन रोकने के लिए पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया है। मध्यप्रदेश से होकर धौलपुर की ओर बजरी के अवैध परिवहन को रोकने के लिए सागरपाड़ा चेक पोस्ट पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

मंगलवार देर रात सीओ सिटी सुरेश सांखला और थानाधिकारी अनिल जसौंरिया के नेतृत्व में नाकाबंदी शुरू की। नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने बजरी माफियाओं के कब्जे से चंबल बजरी से भरे 2 ट्रेक्टर-ट्रॉली जब्त किए हैं। कार्रवाई के दौरान बजरी माफिया फरार हो गए।

29.12.2022

कोतवाली थाना प्रभारी अनिल जसौंरिया ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान 2 ट्रेक्टर-ट्रॉली एमपी की ओर से राजस्थान की ओर आ रहे थे। नाकाबंदी को देखकर एक ट्रेक्टर चालक ट्रेक्टर-ट्रॉली को सागरपाड़ा चौकी के पास खड़ा कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। वहीं, नाकाबंदी को तोड़ कर भाग रहे दूसरे ट्रेक्टर-ट्रॉली को वाटर वर्क्स चौराहे के पास से जब्त कर लिया गया है।

राजस्थान पत्रिका 15/01/2023

सात थानों समेत आरएसी और पुलिस लाइन के जाप्ते ने दी शहर व आसपास के इलाकों में दबिश

# कार्रवाई अपारः समय @ सुबह के चार, अपराधियों पर पुलिस का वार



धौलपुर. बजरी परिवहन में लिप्त ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त करती पुलिस।



धौलपुर. राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के पास बसी कॉलोनियों में दबिश देती पुलिस टीम।

पत्रिका स्पॉटलाइट

## वांछित व संदिग्ध अपराधियों पर जिला पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## बड़ी संख्या में बाइक व ट्रेक्टर-ट्रॉली जब्त, कई हिरासत में

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

धौलपुर. वांछित व संदिग्ध अपराधियों, भगोड़ों, वारंटियों और सक्रिय बदमाशों के खिलाफ शहर व आसपास के इलाकों में जिला पुलिस की ओर से कार्रवाई की गई।

कार्रवाई में जिले के सात थानों और आरएसी व पुलिस लाइन के जाप्ता मौजूद रहा। पुलिस की ओर से शनिवार को सुबह चार बजे से कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बच्चन सिंह मीणा के नेतृत्व में करीब ढाई सौ पुलिसकर्मियों ने समीप के गांव मौराली, आसपास के मजरा, जाहिद होटल के पास, सौ फीट रोड और गुर्जर कॉलोनी में कार्रवाई की। सुबह सूरज उगने से पहले ही पुलिस अपराधियों की तलाश में गांवों और कॉलोनियों में घुस गई। पुलिस ने कई घरों से बड़ी संख्या में संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

### यह किया जब्त

शनिवार सुबह की कार्रवाई में पुलिस ने विभिन्न स्थानों से करीब दो दर्जन बाइक, दो ट्रेक्टर-ट्रॉली बरामद की हैं। पुलिस ने बिना नंबरी वाहनों और रेता के अवैध परिवहन में शामिल वाहनों को निशाना बनाते हुए कार्रवाई की।

### कार्रवाई जारी

शनिवार को सुबह चार बजे से शुरू हुई कार्रवाई सुबह करीब दस बजे तक चली। इसके बाद शाम को एकबार फिर वाहनों की चैकिंग और नाकाबंदी शुरू की गई। समाचार लिखे जाने तक कार्रवाई जारी थी।

### यह थाने हुए शामिल

कार्रवाई के दौरान सीओ सिटी सुरेश सांखला, कोतवाली थाना प्रभारी अनिल जासोरिया, निहालगंज थाना प्रभारी विजय सिंह, सदर थाना प्रभारी हनुमान सहाय, मनियां थाना प्रभारी लाखन सिंह, कौलारी थाना प्रभारी बीरेन्द्र सिंह, सरमथुरा थाना प्रभारी देवेन्द्र शर्मा, बाड़ी सदर थाना प्रभारी हीरालाल मीना, महिला थाना प्रभारी मंजू फौजदार, थानों, पुलिस लाइन व आरएसी का जाप्ता मौजूद रहा।

### बजरी का स्टॉक भी पकड़ा

इस मौके पर पुलिस ने सौ फीट रोड और गुर्जर कॉलोनी में कई स्थानों पर बजरी का अवैध स्टॉक भी पकड़ा गया। इस दौरान लोगों के प्लॉट पर अवैध कब्जा कर बैठे लोगों को भी भगाया गया।



धौलपुर. दबिश की कार्रवाई के लिए खड़ा पुलिस अमला।

### मच गई भगदड़

पुलिस की कार्रवाई से लोगों में भगदड़ सी मच गई। कार्रवाई के दौरान कई लोग भागते नजर आए। वहीं, कई लोग बिना नंबर की बाइक पटक कर भाग गए। कुछ को पुलिस ने पीछा कर पकड़ा भी। वहीं, कई संदिग्धों को भी हिरासत में लिया गया है।

### इनका कहना है

जिला पुलिस की ओर से कार्रवाई की गई है। कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**धर्मेन्द्र सिंह,**
पुलिस अधीक्षक, धौलपुर



धौलपुर. कार्रवाई के दौरान संदिग्धों को हिरासत में लेते पुलिसकर्मी।

### चार बस और करीब 30 चौपहिया वाहन में पुलिस

शनिवार की कार्रवाई के दौरान चार बस और करीब 30 चौपहिया वाहनों में पुलिस शामिल हुई। इसके साथ ही कई बाइक पर भी पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पूरी कार्रवाई में करीब 250 पुलिसकर्मी शामिल हुए।

राजस्थान पत्रिका 18/01/2022

# चार बजरी माफिया गिरफ्तार, रेता ले जाते पांच ट्रेक्टर-ट्रॉली व एक ट्रक जब्त

## जिलेभर में रेता के के अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



धौलपुर. कोतवाली थाना पुलिस की गिरफ्त में बजरी माफिया।

धौलपुर/ बाड़ी/ राजाखेड़ा/ सरमथुरा. जिले में मंगलवार को चम्बल रेत के अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की गई।

विभिन्न थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन बजरी माफिया को गिरफ्तार किया। कार्रवाई में पांच ट्रेक्टर-ट्रॉली व एक 22 चक्का ट्रक भी जब्त किया गया। कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सागरपाड़ा से नाकाबंदी तोड़ कर भाग रहे एक 22 चक्का ट्रक को जब्त कर एक बजरी माफिया को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अनिल जसोरिया ने बताया कि मंगलवार तड़के सागरपाड़ा पर नाकाबंदी के दौरान एक 22 चक्का ट्रक आता दिखा। जिसे रुकने का इशारा किया तो वह नाकाबंदी तोड़ कर शहर की ओर भागने लगा। इस पर पुलिस ने पीछा कर उसे रोक लिया। तलाशी में ट्रक में प्रतिबंधित चंबल रेता मिला। इस पर पुलिस ने ट्रक चालक हरकंदकापुरा थाना दिहौली निवासी श्रीकृष्ण गुर्जर (27) को गिरफ्तार कर लिया।

बाड़ी सदर थाना पुलिस ने प्रतिबंधित चंबल रेता ले जाती एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। थाना प्रभारी हीरालाल ने बताया कि रेता से भरी एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। पुलिस कार्रवाई के दौरान चालक फरार हो गया।

राजाखेड़ा थाना पुलिस ने प्रतिबंधित चंबल रेता का परिवहन करती एक ट्रेक्टर ट्रॉली को जब्त कर दो बजरी माफिया को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी गंगासहाय ने बताया कि सुबह गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बसईघीयाराम की ओर से एक ट्रेक्टर रेता लेकर राजाखेड़ा की ओर आ रहा है। इस पर पुलिस ने कस्बे के पास बसई घीयाराम रोड पर एक बिना नंबरी ट्रेक्टर को रेता का परिवहन करते जब्त किया। इस मामले में पुलिस ने दो रेत माफिया गोरखे की मढैया मजरा सिंघपुरा निवासी राजकुमार निषाद (40) तथा सैया कटकोली आगरा निवासी तुलाराम निषाद (28) को गिरफ्तार किया है। वहीं, दिहोली थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार देर रात कार्रवाई कर रेता से भरे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। वहीं, बजरी माफिया फरार हो गया। थाना प्रभारी [illegible] ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर [illegible] रोड पर [illegible] एक ट्रेक्टर आता देखा। पुलिस को देख चालक [illegible] से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रेक्टर ट्रॉली को जब्त कर लिया।

सरमथुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई कर रेता का अवैध परिवहन करते एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। बजरी माफिया भागने में सफल रहा। थाना प्रभारी [illegible] ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर [illegible] रोड पर [illegible] के पास एक बिना नंबरी ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान बजरी माफिया फरार हो गया।

### एक ट्रेक्टर-ट्रॉली जब्त

सदर थाना पुलिस ने प्रतिबंधित चंबल रेता से भरे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त कर एक बजरी माफिया को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी हनुमान सहाय ने बताया कि नेशनल हाइवे 44 पर सदर थाना चौराहा पर रेता से भरे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त कर मिर्जापुर निवासी संतोष कुमार गुर्जर (42) को गिरफ्तार किया है।

# चंबल रेता का अवैध परिवहन रोकने को कड़ी चौकसी



धौलपुर. नेशनल हाइवे 44 पर सागरपाड़ा चौकी पर तैनात पुलिस जाप्ता।

## मध्यप्रदेश सीमा पर नाकाबंदी, लगाया अतिरिक्त जाप्ता

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**धौलपुर.** प्रतिबंधित चंबल बजरी की रोकथाम के लिए पुलिस ने कड़ी चौकसी शुरू कर दी है। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में लगातार कार्रवाई की जा रही है। नेशनल हाइवे 44 स्थित मध्यप्रदेश सीमा पर सागरपाड़ा चौकी के पास विशेष नाकाबंदी की जा रही है। यहां अतिरिक्त पुलिस जाप्ता भी तैनात किया गया है। कोतवाली थाना प्रभारी अनिल जसौरिया ने बताया कि बजरी को रोकने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। उन्होंने बताया कि बजरी माफिया मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में चंबल किनारे से लगातार बजरी की निकासी कर रहे हैं। बजरी निकालने के बाद माफिया पुलिस से नजर बचाकर नेशनल हाइवे 44 से आगरा-भरतपुर की ओर जाते हैं। जिसे रोकने के लिए अब सागरपाड़ा चौकी पर अतिरिक्त पुलिस जाप्ता लगाया गया है।

राजस्थान पत्रिका 22/01/2023

# सागरपाड़ा पर अतिरिक्त जाप्ता, खाली से भी पूछताछ



धौलपुर. एनएच 44 पर खाली जाते ट्रेक्टर-ट्रॉली को रोकते पुलिसकर्मी।



धौलपुर. सागरपाड़ा चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी।

## बजरी के अवैध परिवहन पर पुलिस कार्रवाई

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

धौलपुर. मध्यप्रदेश से शहर होकर होने वाले चंबल बजरी के अवैध परिवहन को लेकर पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। मध्यप्रदेश सीमा पर सागरपाड़ा चौकी में अतिरिक्त जाप्ता तैनात किया गया है।

वहीं, खाली ट्रेक्टर-ट्रॉली को भी रोक कर पूछताछ की जा रही है। बता दें, मध्यप्रदेश सीमा में चंबल से बजरी का अवैध खनन कर उसका परिवहन आगरा और भरतपुर तक किया जा रहा है। ये ट्रेक्टर-ट्रॉली शहर होकर गुजरते हैं। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने रेता के अवैध परिवहन को लेकर सख्ती की है। इसके तहत हाइवे स्थित सागरपाड़ा चौकी पर अतिरिक्त जाप्ता तैनात किया गया है। जाप्ता रेता से भरे हुए ट्रेक्टर-ट्रॉली को राजस्थान सीमा में प्रवेश से रोक रहा है। वहीं, अगर कोई खाली ट्रेक्टर-ट्रॉली भी दिखती है तो उसे भी रोक कर पूछताछ के बाद ही छोड़ा जा रहा है।

राजस्थान पत्रिका 07/02/2023

# पुलिस का रेता माफिया पर शिकंजा, 11 पकड़े



अवैध बजरी से भरी गई ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं गिरफ्तार आरोपी।

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**सरमथुरा.** पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में चल रहे धड़कन अभियान के तहत थाना पुलिस ने चंबल बजरी खनन व परिवहन करने वालों के खिलाफ सोमवार सुबह कार्रवाई करते हुए अवैध चंबल बजरी से भरी हुई 11 ट्रैक्टर ट्रॉलीयों को जब्त किया। साथ ही पुलिस ने बजरी परिवहन में संलिप्त 11 आरोपियों को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस की कार्रवाई के बाद अवैध चंबल बजरी खनन एवं परिवहन करने वालों में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 4 बजे मुखबिर की ओर से सूचना मिली कि झिरी रोड की तरफ से बड़ी संख्या में अवैध चंबल बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली आ रही हैं। सूचना के आधार पर वन विभाग के कार्यवाहक रेंजर अमरलाल मीणा को साथ लेकर खैमरी गांव के पास सड़क पर ट्रैक्टरों को रुकवाने के लिए नाकाबंदी की गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 11 ट्रैक्टर ट्रॉलियों को जब्त कर बजरी परिवहन में संलिप्त 11 जनों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राजवीर मीना निवासी गुवरेडा, जनक सिंह मीणा निवासी नरायणा, हाकिम मीणा निवासी इमरतापुरा करौली, विजेंद्र मीणा निवासी मानपुरा, ओमप्रकाश मीणा निवासी मानपुरा , शिशुपाल मीणा निवासी कसारा, ओमसिंह मीणा निवासी नरायणा, जलसिंह मीणा निवासी देवीपुरा, खुशीराम मीणा निवासी नरायणा, कदम सिंह मीणा निवासी नरायणा, सरूपा गुर्जर निवासी खेड़ा थाना मासलपुर शामिल हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम व फारेस्ट एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कार्रवाई के मौके पर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा, एएसआई जगदीश शर्मा, कांस्टेबल जसवंत सिंह, कांस्टेबल राधेश्याम, रेंजर अमरलाल मीणा, वनरक्षक शिव कुमार मीणा सहित पुलिस व वन विभाग का जाब्ता मौजूद रहा।

राजस्थान पत्रिका 11/02/2023

# अवैध बजरी ले जाते दो ट्रेक्टर-ट्रॉली पकड़े

## सागरपाड़ा चौकी पर पुलिस व वन विभाग ने की कार्रवाई

धौलपुर. ग्वालियर रोड स्थित सागरपाड़ा चौकी के पास पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो ट्रेक्टर-ट्रॉली जब्त की है। जबकि आरोपी मौके से भाग निकले।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक की ओर से चलाए जा रहे अवैध चंबल बजरी स्टॉक व परिवहन के खिलाफ कोतवाली पुलिस व वन विभाग ने गुरुवार को अभियान चला संयुक्त कार्रवाई की। एसआई जगदीशचंद्र के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए सागरपाड़ा चौकी के पास नाकाबंदी कर एक ट्रेक्टर-ट्रॉली बिना नम्बरी अवैध बजरी से भरी को जब्त किया। इसी तरह सागर पाडा चौकी के पास ही अवैध बजरी से भरे एक और ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। जबकि मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया है।



धौलपुर. कार्रवाई में पकड़ी अवैध बजरी भरी ट्रेक्टर-ट्रॉली।

राजस्थान पत्रिका 19/02/2023

# बजरी माफियाओं की तलाश में मौरोली और मजरों में दबिश

**धौलपुर @ पत्रिका.** भरतपुर के रूपबास थाना प्रभारी भोजाराम पर हमला करने वाले बजरी माफियाओं की तलाश में जिला पुलिस ने कार्रवाई की है। शनिवार शाम पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देश पर कोतवाली थाना, निहालगंज थाना और डीएसटी की टीम ने कई इलाकों में दबिश दी। कोतवाली थाना प्रभारी अनिल जसौरिया ने बताया कि भरतपुर से रूपबास में बजरी निकालने को लेकर माफियाओं ने पुलिस टीम से मारपीट करते हुए फायरिंग कर दी थी। इनके तार धौलपुर से जुड़े हो सकते हैं। ऐसे में माफियाओं को चिन्हित करने की कार्रवाई की जा रही है। शनिवार शाम को मौरोली और उसके मजरों तथा गुर्जर कॉलोनी में दबिश की कार्रवाई की गई है। मौरोली व उसके मजरों में माफियाओं के आवागमन के रास्तों को अवरुद्ध कराया गया है। कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

**Annexure-19**

राजस्थान सरकार
Government of Rajasthan
निदेशालय, खान एवं भू विज्ञान विभाग
DIRECTORATE OF MINES & GEOLOGY,
खनिज भवन / Khanij Bhawan, उदयपुर / Udaipur-313001.
दूरभाष / Phones: 2415091-95, फैक्स / Fax: (0294)-2410526

क्रमांकः निदे / प–2(ए–1)धौल / बजरी / 2012 / 1185 दिनांक / 5–12–2022

कार्यालय–आदेश

श्री नवल किशोर गुप्ता पुत्र श्री मुरारी लाल गुप्ता, निवासी पुरानी ट्रक यूनियन के पास, मण्डरायल रोड, करौली (राज.) के पक्ष में जिला धौलपुर की तहसील बसेडी व बाडी की सीमा में बहने वाली पार्वती नदी से निर्गमित खनिज बजरी क्षेत्र 232.92 हैक्टेयर का खनन पट्टा स्वीकृति हेतु मंशा पत्र (एल.ओ.आई.) निदेशालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 11–01–2013 से जारी किया गया तथा पत्र दिनांक 19–12–2013 से अस्थाई कार्यानुमति जारी की गई है, जिसके क्रम में एल.ओ.आई. धारक द्वारा क्षेत्र में खनन कार्य दिनांक 30–12–2013 से प्रारम्भ किया गया हैं तथा दिनांक 14–02–2014 को खनन कार्य बन्द कर दिया गया। इस प्रकार एल.ओ.आई. धारक द्वारा दिनांक 30–12–2013 से 14–02–2014 अवधि, (01 माह 16 दिवस) के लिये खनिज बजरी का वास्तविक खनन किया है। अतिरिक्त निदेशक(खान), कोटा जोन, कोटा के आदेश कमांकः अनिखा/कोटा–जोन/सीसी–II/धौलपुर–बजरी/प–40(2017)/4564 दिनांक 08–09–17 द्वारा निदेशालय द्वारा जारी मंशा पत्र एवं अस्थाई कार्यानुमति को जमा प्रीमियम राशि जब्त करते हुए निरस्त किया गया।

माननीय उच्च न्यायालय, जयपुर के समक्ष दायर याचिका संख्या 281/2018 में माननीय न्यायालय द्वारा निर्णय दिनांक 07–05–2022 पारित किया गया। जिसमें सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय दिनांक 11.11.2021 के अनुसरण में एवं राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 नियम 5(4) में किये गये संशोधन के क्रम में नवीनतम निर्णय उपरोक्त परिपेक्ष्य में आदेश जारी होने की तीन माह की अवधि के भीतर निर्णय लिये जाने हेतु निर्देशित किया गया। शासन के पत्र कमांकः प–11(1)(25) खान/ग्रुप–2/2018 दिनांक 03–06–2022 के द्वारा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर द्वारा पारित निर्णय दिनांक 07–05–2022 के विरुद्ध एस.एल.पी. दायर नहीं करने का प्रशासनिक विनिश्चय लिया गया है। शासन के पत्र कमांकः प–10(23)खान/ग्रुप–2/2012 दिनांक 14–10–2022 के द्वारा निर्देशित किया गया है कि "मंशा पत्र अस्वीकृति आदेशों को अपास्त करते हुए इन्हे बहाल किया जावें तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार पैरा 231/एन के तृतीय विकल्प (माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश दिनांक 11–11–2021 में बिन्दु संख्या एफ में दिये गये निर्देशों अनुसार खनिज बजरी के वास्तविक खनन की अवधि से शेष अवधि तक) अनुसार कार्यवाही की जावें।"

माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा एस.एल.पी. संख्या 10587/2019 में आदेश दिनांक 11–11–2021 से सेन्ट्रल एम्पावर्ड कमेटी द्वारा इस संबंध में प्रस्तुत रिपोर्ट दिनांक 23–12–2020 से सिफारिश "जे" के अलावा सभी सिफारिशों को अनुमोदित किया। माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय के अनुसरण में शासन की अधिसूचना दिनांक 21–10–2022 से राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के नियम–5(4)में संशोधन कर 68 माह के स्थान पर 73 माह (दिनांक 31–03–2023 तक) की गई है। उपरोक्तानुसार इस क्षेत्र हेतु जारी मंशा पत्र भी नियम 5(4) के अन्तर्गत आता है।

अतः शासन पत्र दिनांक 14–10–2022 से दिये गये निर्देशानुसार श्री नवल किशोर गुप्ता पुत्र श्री मुरारी लाल गुप्ता, निवासी पुरानी ट्रक यूनियन के पास, मण्डरायल रोड, करौली (राज.) के पक्ष में जारी मंशा पत्र को बहाल करते हुए उनके द्वारा किये गये

वास्तविक खनन की अवधि दिनांक 30-12-2013 से 14-02-2014 अवधि (01 माह 16 दिवस) को खनन पट्टे की कुल अवधि 05 वर्ष में से घटाते हुए शेष अवधि (04 वर्ष 10 माह एवं 14 दिवस) को आईडल-नॉन मानते हुए कब्जा संभलाने की दिनांक से (04 वर्ष 10 माह एवं 14 दिवस) के लिये राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 में अंकित निबंधो एवं प्रतिबंधों तथा समय-समय पर हुये संशोधनों के अतिरिक्त निम्न शर्तो पर एतद्द्वारा स्वीकृत किया जाता है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | खनिज | बजरी |
| 2 | क्षेत्रफल | 232.92 हैक्टेयर |
| 3 | अवधि | दिनांक 30-12-2013 से 29-12-2018 तक आईडल नॉन पिरीयड (04 वर्ष 10 माह एवं 14 दिवस) जोड़े जाने से खनन पट्टा अवधि इस आदेश के तहत कब्जा संभलाये जाने की दिनांक से (04 वर्ष 10 माह एवं 14 दिवस) तक |
| 4 | प्रिमियम राशि | 15,00,000/- उक्त राशि का स्थिर भाटक एवं रॉयल्टी में समायोजन नहीं होगा। |
| 5 | स्थिर भाटक | 6,98,760/-प्रतिवर्ष कार्यानुमति की तिथि से 14-02-2014 देय होगा । पुनः कब्जा सम्भलाये जाने की दिनांक से 04 वर्ष 10 माह एवं 14 दिवस तक राशि रूपये 13,97,520/-प्रतिवर्ष की दर से । (संविदा निष्पादन से पूर्व कार्यानुमति की शर्तो के अनुसार राशि जमा करायेगा) |
| 6 | प्रतिभूति राशि | राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के नियम 19 तथा इसमें समय समय पर संशोधन के अनुसार । |
| 7 | परफोरमेन्स प्रतिभूति | राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के नियम 20 तथा इसमें समय समय पर संशोधन के अनुसार । |
| 8 | वित्तीय आश्वासन | राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के नियम 29(14) तथा इसमें समय समय पर संशोधन के अनुसार । |
| 9 | सीमांकन शुल्क | राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के नियम 91(2) के अनुसार राशि रूपये 50,000/-सीमांकन शुल्क जमा कराकर क्षेत्र का सीमांकन करायेगा । |
| 10 | अधिशुल्क | रूपया 50/-प्रति टन एवं राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 की द्वितीय अनुसूची में समय समय पर होने वाले संशोधन अनुसार । |
| 11 | डीएमएफ ट्रस्ट फण्ड | रॉयल्टी राशि की 10 प्रतिशत राशि के बराबर एवं डीएमएफटी रूल्स 2016 में समय समय पर होने वाले संशोधन अनुसार । |
| 12 | आर.एस.एम.ई.टी. | रॉयल्टी राशि की 2 प्रतिशत राशि के बराबर एवं आर.एस.एम.ई.टी. रूल्स 2020 में समय समय पर होने वाले संशोधन अनुसार । |
| 13 | भूतल भाटक | जैसा की राजस्व अधिकारी निर्धारित करें । |
| 14 | अन्य कर | राजकीय नियमानुसार । |

| | | |
|---|---|---|
| 15 | अन्य शर्तें | 1 पट्टाधारी निविदा की शर्तें, खनन पट्टे की संविदा एवं राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के प्रावधानों तथा उसमें समय–समय पर होने वाले संशोधनानुसार पालना करने हेतु बाध्य होगा।<br>2 माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के समक्ष दायर एस.एल.पी. संख्या 10587/2019 बजरी लीज एल.ओ.आई. होल्डर्स वेलफेयर सोसायटी बनाम राजस्थान राज्य व अन्य में सेन्ट्रल एम्पावर्ड कमेटी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट दिनांक 23–12–2020 के पेरा संख्या 11(iii) लीज डीड का पार्ट होगा तथा इस रिपोर्ट के पेरा संख्या 11(iii) में वर्णित प्रकिया तथा दिशा निर्देशों की पालना करने हेतु पट्टाधारी बाध्य होगा।<br>3 मौके पर किसी भी प्रकार का राजस्व सीमा संबंधी विवाद होने की स्थिति में राजस्व व खनिज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से मौका निरीक्षण किया जाकर आवश्यक निर्णय किया जावेगा जो अंतिम होगा।<br>4 खनन पट्टे की अवधि के दौरान आगामी अवधि के लिये नियमानुसार नवीन खनन पट्टा दिये जाने की प्रकिया प्रारम्भ करने पर पट्टाधारी की कोई आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।<br>5 बजरी दोहन के संबंध में माननीय न्यायालयों एवं शासन द्वारा समय–समय पर दिये जाने वाले आदेशों की पालना हेतु पट्टाधारी बाध्य होगा।<br>6 पट्टाधारी को पर्यावरण मंत्रालय द्वारा जारी पत्र दिनांक 03–02–2022 (पर्यावरण क्लीयरेन्स) में अंकित शर्तों/निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करनी होगी तथा इसके अतिरिक्त पर्यावरण मंत्रालय द्वारा समय–समय पर जारी होने वाले निर्देशों की पालना करनी होगी।<br>7 पट्टा संविदा पंजीयन के उपरान्त संबंधित प्रदूषण नियंत्रण मण्डल से कन्सेन्ट टू आपरेट प्राप्त कर प्रस्तुत करना होगा तभी खनन कार्य की अनुमति जारी की जावेगी। |

नोट:–

1. अनुदानी राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के नियम 21(1) के तहत संविदा निष्पादन हेतु स्वीकृति आदेश प्राप्ति की तिथि से 3 माह की अवधि में अंतर प्रिमियम राशि, वार्षिक स्थिर भाटक, प्रतिभूति राशि, परफोरमेन्स प्रतिभूति राशि, वित्तीय आश्वासन की राशि व निर्धारित राशि के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर प्रस्तुत कर संविदा निष्पादन करायेगा ।
2. अनुदानी को संविदा निष्पादन से पूर्व अस्थाई कार्यानुमति के तहत कार्यानुमति की शर्तो के अनुसार किये गये खनिज के निर्गमन का अधिशुल्क निर्धारण अनुसार समस्त बकाया जमा करानी होगी । बकाया न होने पर ही संविदा निष्पादन कराया जायेगा।

3. अनुदानी द्वारा अब तक प्रिमियम मद में जमा समस्त राशि यदि प्रिमियम राशि से कम है तो अंतर राशि जमा करानी होगी एवं अधिक राशि जमा होने पर रिफण्ड / समायोजित की जायेगी ।

4. अनुदानी द्वारा एल.ओ.आई. की अवधि बढ़ाने हेतु अब तक लेट फीस के रूप में राशि जमा कराई गई है । यह समस्त राशि रिफण्ड / समायोजित की जायेगी । क्योंकि खनन पट्टे की अवधि अस्थाई कार्यानुमति की तिथि से मानी है।

5. अनुदानी द्वारा संविदा प्रपत्र प्राप्त होने की तिथि से 2 माह की अवधि में संविदा का पंजीयन करा प्रस्तुत नहीं करने पर जमा प्रिमियम राशि, प्रतिभूति राशि व परफोरमेन्स प्रतिभूति राशि जब्त करते हुये राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के नियम 21(4) के अन्तर्गत स्वीकृति आदेश को प्रतिसंहृत (रियोक) कर दिया जायेगा।

6. अनुदानी द्वारा संविदा निष्पादन हेतु राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के नियम 21(1) के तहत वांछित पूर्तियां कर 3 माह की अवधि में संविदा निष्पादन नहीं कराने पर बिना किसी पूर्व सूचना के जमा प्रिमियम राशि, प्रतिभूति राशि परफोरमेन्स प्रतिभूति राशि जब्त करते हुये नियम 21(4) के अन्तर्गत स्वीकृति आदेश को प्रतिसंहृत (रियोक) कर दिया जायेगा।

7. खनन पट्टा पंजीयन से पूर्व कार्यानुमति की शर्तों के अनुसार राशि जमा करायेगा (प्रिमियम राशि को छोड़कर) जो स्थिर भाटक में समायोजन किया जायेगा । यदि उक्तानुसार जमा राशि स्थिर भाटक से कम है तो उतनी अंतर राशि अलग से जमा कराई जायेगी । परन्तु स्थिर भाटक से अधिक जमा होती है तो उक्त अधिक राशि को अधिक अधिशुल्क में माना जायेगा।

भवदीय
15/12/2022
(संदेश नायक)आई.ए.एस.
निदेशक

क्रमांकः निदे/प-2(ए-1)धौल/बजरी/2012/2185-2193 दिनांक 15-12-2022

प्रतिलिपिः- निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1- महालेखाकार, राजस्थान, जयपुर।
2- संभागीय आयुक्त, भरतपुर।
3- जिला कलक्टर, धौलपुर।
4- अतिरिक्त निदेशक(खान), कोटा।
5- अधीक्षण खनि अभियन्ता, ~~धौलपुर~~ भरतपुर
6- खनि अभियन्ता, धौलपुर को उनके पत्र क्रमांकः 1867 दिनांक 22-11-2022 के संदर्भ में भेजकर लेख है कि आदेश जारी होने की तिथि से तीन माह में पूरक संविदा का निष्पादन करा मूल पूरक संविदा मय अतिरिक्त प्रति के निदेशालय को भिजावें।
रजि0एडी7- श्री नवल किशोर गुप्ता पुत्र श्री मुरारी लाल गुप्ता, निवासी पुरानी ट्रक यूनियन के पास, मण्डरायल रोड, करौली(राज.)
8- श्री नवल किशोर गुप्ता पुत्र श्री मुरारी लाल गुप्ता, निवासी पुरानी ट्रक यूनियन के पास, मण्डरायल रोड, करौली (राज.)द्वारा- खनि अभियन्ता, धौलपुर।
9- रक्षित पत्रावली।

(अनिल खिमेसरा)
अधीक्षण खनि अभियन्ता(मु0-III)




RAJASTHAN

<u>संविदा एम.एल.नं. 98/2012 क्षेत्र तहसील बाडी–बसेडी</u>

H 656995

यह नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर कमांक H 656995 से H 656999 तक कुल 5 नग तादादी रूपया 5000/– (1000+1000+1000+1000+1000) अक्षरे पाँच हजार रूपये मात्र वास्ते खनन पट्टा जिला धौलपुर की तहसील बाडी–बसेडी के राजस्व ग्रामों में गैर मुमकिन नदी/नालों के खसरा क्षेत्रों से निकलने वाली खनिज बजरी क्षेत्रफल 232.92 हैक्टेयर (खनन पट्टा क्षेत्र के विवरण हेतु राजस्व ग्रामों के खसरा नम्बर एवं उनके रकबा का विवरण संलग्न मौका रिपोर्ट अनुसार है, प्रतिबन्धित क्षेत्रों को छोडकर) के संविदा निष्पादन हेतु श्री नवल किशोर गुप्ता पुत्र श्री मुरारीलाल गुप्ता पुरानी ट्रक यूनियन के पास, मण्डरायल रोड करौली द्वारा प्रस्तुत किये गये हैं।

उक्त खनिज बजरी का खनन पट्टा निदेशालय खान एवं भू–विज्ञान विभाग, उदयपुर के आदेश कमांक निदे/प–2(ए–1)धौल/बजरी/2012/2184 दिनांक 15.12.2022 से अवधि दिनांक 30.12.2013 से 14.02.2014 तक वार्षिक स्थिरभाटक रूपया 698760/– एवं पुनः कब्जा सँभलाये जाने की दिनांक से 04 वर्ष 10 माह 14 दिवस के लिये वार्षिक स्थिरभाटक रूपया 1397520/– (अक्षरे तेरह लाख सत्तानवें हजार पॉच सौ बीस रूपये) पर स्वीकृत किया गया।

पट्टाधारी राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 तथा उसमें समय–समय पर होने वाले संशोधनो/उल्लेखित निबंधों/प्रतिबंधों एवं स्वीकृति आदेश में अंकित शर्तो की पालना करेगा।

अन्य शर्ते :–

(1) पट्टाधारी निविदा की शर्ते, खनन पट्टा संविदा प्रपत्र संख्या 06 में वर्णित शर्तो एवं पट्टाधारी राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 तथा उसमें समय–समय पर होने वाले संशोधनों अनुसार पालना करने हेतु बाध्य होगा।

(2) माननीय उच्चतम न्यायलय, नई दिल्ली के समक्ष दायर एसएलपी संख्या 10587/2019 बजरी लीज एल.ओ.आई. होल्डर्स वेलफेयर सोसायटी बनाम राजस्थान राज्य व अन्य में सेन्ट्रल एम्पावर्ड कमेटी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट दिनांक 23.12.2020 के पैरा सं. 11(iii) लीज डीड का पार्ट होगा तथा इस रिपोर्ट के पैरा सं. 11(iii) में वर्णित प्रकिया तथा दिशा निर्देशों की पालना करने हेतु पट्टाधारी बाध्य होगा।

(3) मौके पर किसी भी प्रकार का राजस्व सीमा संबंधी विवाद होने की स्थिति में राजस्व व खनिज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से मौका निरीक्षण किया जाकर आवश्यक निर्णय किया जावेगा जो अन्तिम होगा।

(4) खनन करने की अवधि के दौरान आगामी अवधि के लिये नियमानुसार नवीन खनन पट्टा दिये जाने की प्रकिया प्रारम्भ किये जाने पर पट्टाधारी की कोई आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

उप पंजीयक
बसेडी (धौलपुर) राज०

खनि अभियन्ता
खान एवं भू–विज्ञान विभाग
धौलपुर

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

सत्यमेव जयते

INDIA

राजस्थान RAJASTHAN 658996

के सम्बन्ध में माननीय न्यायालयों एवं शासन द्वारा समय–समय पर दिये जाने वाले आदेशों की पालना हेतु पट्टाधारी बाध्य होगा।

(6) पट्टाधारी को पर्यावरण मंत्रालय द्वारा जारी पत्र दिनांक 03.02.2022 (पर्यावरण क्लीयरेन्स) में अंकित शर्तो/निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करनी होगी तथा इसके अतिरिक्त पर्यावरण मंत्रालय द्वारा समय–समय पर जारी होने वाले निर्देशों की पालना करनी होगी।

(7) पट्टा संविदा पंजीयन के उपरान्त संबंधित प्रदूषण नियंत्रण मण्डल से कन्सेट टू ऑपरेट प्राप्त कर प्रस्तुत करना होगा तभी खनन कार्य की अनुमति जारी की जावेगी।

नोट:–

(1) अनुदानी द्वारा संविदा प्रपत्र प्राप्त होने की तिथि से 2 माह की अवधि में संविदा का पंजीयन करा प्रस्तुत नहीं करने पर जमा प्रीमियम राशि, प्रतिभूति राशि व परफोरमेंस प्रतिभूति राशि जब्त करते हुयें अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के नियम 21(4) के अन्तर्गत स्वीकृति आदेश को प्रतिसंहृत (रिवोक) कर दिया जायेगा।

(2) खननी पट्टा पंजीयन से पूर्व कार्यानुमति की शर्तो के अनुसार राशि जमा करायेगा(प्रीमियम राशि को छोडकर) जो स्थिरभाटक में समायोजन किया जायेगा। यदि उक्तानुसार जमा राशि स्थिरभाटक से कम है तो उतनी अंतर राशि अलग से जमा कराई जायेगी परन्तु स्थिरभाटक से अधिक जमा होती है तो उक्त अधिक राशि को अधिक अधिशुल्क में माना जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार खनन पट्टा की इस संविदा को आज दिनांक 20-1-2023 को राज्य सरकार एवं पार्टी के मध्य गवाहों के समक्ष निष्पादित किया गया :–

(नवल किशोर गुप्ता)
खनन पट्टाधारी

(मुकेश चन्द्र मंगल)
खनि अभियन्ता, धौलपुर
(राजस्थान के राज्यपाल की ओर से)
खनि अभियन्ता
खान एवं भू–विज्ञान विभाग
धौलपुर

गवाह

1. ब्रजेन्द्र सिंह पुत्र श्री ज्ञानेंद्र सिंह
निवासी– ग्राम व पोस्ट तिलसडा तहसील घाटमपुर जिला कानपुर नगर (यूपी)

2. सतीश सिंह जादौन पुत्र श्री प्रेम सिंह जादौन
निवासी–चुंगी नाका, मैग्जीन, करौली
तहसील व जिला करौली

3 – विनोद सिंह S/o चन्द्र सिंह जाति राजपूत उम्र
नि० विवेक विहार, करौली जिला करौली

उप पंजीयक
बसेडी (धौलपुर) राज०

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

सत्यमेव जयते

INDIA

राजस्थान RAJASTHAN

H 656997

ML No. 98/2012 की संविदा के साथ संलग्न रहे।

खनि अभियन्ता
खान एवं भू-विज्ञान विभाग
धौलपुर

उप पंजीयक
बसेड़ी (धौलपुर) राज0

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

सत्यमेव जयते

INDIA

राजस्थान RAJASTHAN

H 656998

ML No. 98/2012 की संविदा के साथ संलग्न रहे।

उप पंजीयक
बसेड़ी (धौलपुर) राज0

खनि अभियन्ता
खान एवं भू-विज्ञान विभाग
धौलपुर

उप पंजीयक
बसेड़ी (धौलपुर) राज0

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

सत्यमेव जयते

INDIA

RAJASTHAN H 656999

ML No. 98/2012 की संविदा के साथ संलग्न रहे।

खनि अभियन्ता
खान एवं भू-विज्ञान विभाग
धौलपुर

उप पंजीयक
बसेड़ी (धौलपुर) राज0

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

रु.5000 Rs.5000

पाँच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

सत्यमेव जयते

INDIA



राजस्थान RAJASTHAN

E 242622

17 JAN 2023

संविदा एम.एल.नं. 99/2012 क्षेत्र तहसील सैंपऊ–धौलपुर

यह नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर कमांक E 242642 कुल 1 नग तादादी रूपया 5000/– अक्षरे पॉच हजार रूपये मात्र वास्ते खनन पट्टा जिला धौलपुर की तहसील सैंपऊ–धौलपुर के राजस्व ग्रामों में गैर मुमकिन नदी/नालो के खसरा क्षेत्रों से निकलने वाली खनिज बजरी क्षेत्रफल 391.75 हैक्टेयर (खनन पट्टा क्षेत्र के विवरण हेतु राजस्व ग्रामों के खसरा नम्बर एवं उनके रकवां का विवरण संलग्न मौका रिपोर्ट अनुसार है, प्रतिबन्धित क्षेत्रों को छोडकर) के संविदा निष्पादन हेतु श्री नवल किशोर गुप्ता पुत्र श्री मुरारीलाल गुप्ता पुरानी ट्रक यूनियन के पास, मण्डरायल रोड करौली द्वारा प्रस्तुत किये गये हैं।

उक्त खनिज बजरी का खनन पट्टा शासन के आदेश कमांक प.6(10)खान/ग्रुप–2/2013 दिनांक 11.01.2023 से अवधि दिनांक 24.12.2013 से 14.02.2014 तक वार्षिक स्थिरभाटक रूपया 1175250/– एवं पुनः कब्जा सॅभलाये जाने की दिनांक से 04 वर्ष 10 माह 08 दिवस के लिये वार्षिक स्थिरभाटक रूपया 2350500/– (अक्षरे तेईस लाख पचास हजार पॉच सौ रूपये) पर स्वीकृत किया गया।

पट्टाधारी राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 तथा उसमें समय–समय पर होने वाले संशोधनो/उल्लेखित निबंधों/प्रतिबंधों एंव स्वीकृति आदेश में अंकित शर्तो की पालना करेगा।

अन्य शर्तें:–

(1) पट्टाधारी निविदा की शर्तें, खनन पट्टा संविदा प्रपत्र संख्या 06 में वर्णित शर्तो एवं पट्टाधारी राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 तथा उसमें समय–समय पर होने वाले संशोधनों अनुसार पालना करने हेतु बाध्य होगा।

(2) माननीय उच्चतम न्यायलय, नई दिल्ली के समक्ष दायर एसएलपी संख्या 10587/2019 बजरी लीज एल.ओ.आई. होल्डर्स वेलफेयर सोसायटी बनाम राजस्थान राज्य व अन्य में सेन्ट्रल एम्पावर्ड कमेटी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट दिनांक 23.12.2020 के पैरा सं. 11(iii) लीज डीड का पार्ट होगा तथा इस रिपोर्ट के पैरा सं. 11(iii) में वर्णित प्रकिया तथा दिशा निर्देशों की पालना करने हेतु पट्टाधारी बाध्य होगा।

(3) मौके पर किसी भी प्रकार का राजस्व सीमा संबंधी विवाद होने की स्थिति में राजस्व व खनिज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से मौका निरीक्षण किया जाकर आवश्यक निर्णय किया जावेगा जो अन्तिम होगा।

(4) खनन करने की अवधि के दौरान आगामी अवधि के लिये नियमानुसार नवीन खनन पट्टा दिये जाने की प्रकिया प्रारम्भ किये जाने पर पटटाधारी की कोई आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

उपपंजीयक
सैंपऊ

खनि अभियन्ता
खान एवं भू–विज्ञान विभाग
धौलपुर

(5) बजरी दोहन के सम्बन्ध में माननीय न्यायालयों एवं शॉसन द्वारा समय-समय पर दिये जाने वाले आदेशों की पालना हेतु पट्टाधारी बाध्य होगा।

(6) पट्टाधारी को पर्यावरण मंत्रालय द्वारा जारी पत्र दिनांक 03.02.2022 (पर्यावरण क्लीयरेन्स) में अंकित शर्तो/निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करनी होगी तथा इसके अतिरिक्त पर्यावरण मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी होने वाले निर्देशों की पालना करनी होगी।

(7) पट्टा संविदा पंजीयन के उपरान्त संबंधित प्रदूषण नियंत्रण मण्डल से कन्सेट टू ऑपरेट प्राप्त कर प्रस्तुत करना होगा तभी खनन कार्य की अनुमति जारी की जावेगी।

नोटः-

(1) अनुदानी द्वारा संविदा प्रपत्र प्राप्त होने की तिथि से 2 माह की अवधि में संविदा का पंजीयन करा प्रस्तुत नहीं करने पर जमा प्रीमियम राशि, प्रतिभूति राशि व परफोरमेंस प्रतिभूति राशि जब्त करते हुये अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के नियम 21(4) के अन्तर्गत स्वीकृति आदेश को प्रतिसंहृत (रिवोक) कर दिया जायेगा।

(2) खनन पट्टा पंजीयन से पूर्व कार्यानुमति की शर्तो के अनुसार राशि जमा करायेगा(प्रीमियम राशि को छोड़कर) जो स्थिरभाटक में समायोजन किया जायेगा। यदि उक्तानुसार जमा राशि स्थिरभाटक से कम है तो उतनी अंतर राशि अलग से जमा कराई जायेगी परन्तु स्थिरभाटक से अधिक जमा होती है तो उक्त अधिक राशि को अधिक अधिशुल्क में माना जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार खनन पट्टा की इस संविदा को आज दिनांक 20-1-2023 को राज्य सरकार एवं पार्टी के मध्य गवाहों के समक्ष निष्पादित किया गया :-

नवल किशोर गुप्ता

(नवल किशोर गुप्ता)
खनन पट्टाधारी

(मुकेश चन्द्र मंगल)
खनि अभियन्ता, धौलपुर
(राजस्थान के राज्यपाल की ओर से)
**खनि अभियन्ता**
खान एवं भू-विज्ञान विभाग
धौलपुर

गवाह

ब्रजेन्द्र सिंह

1. ब्रजेन्द्र सिंह पुत्र श्री ज्ञानेंद्र सिंह
निवासी- ग्राम व पोस्ट तिलसडा तहसील घाटमपुर
जिला कानपुर नगर (यूपी)

सतीश सिंह

2. सतीश सिंह जादौन पुत्र श्री प्रेम सिंह जादौन
निवासी-चुंगी नाका, मैग्जीन, करौली
तहसील व जिला करौली

विनोद सिंह पुत्र श्री कंचनसिंह
जाति - राजपूत निवासी - विवेक विहार
करौली जिला - करौली

**Annexure-20**

<u>कार्यालय जिला कलक्टर, धौलपुर (राज0)</u>

क्रमांकः प.40 / 10(1) / एनजीटी–248 / राजस्व / 2023 / 880 दिनांकः 21.03.2023

1. जिला पुलिस अधीक्षक, धौलपुर
2. उप वन संरक्षक सामाजिक वानिकी धौलपुर
3. उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभयारण्य सवाईमाधोपुर
4. उपखण्डाधिकारी, धौलपुर / बाडी / राजाखेडा / सरमथुरा / सैपउ / बसेडी
5. खनिज अभियंता, धौलपुर
6. जिला परिवहन अधिकारी धौलपुर

विषयः–माननीय एन0जी0टी0 नई दिल्ली के प्रकरण संख्या ओए 248 / 2022 में आदेश दिनांक 21.09.2022 व दिनांक 06.02.2023 की पालना के संबंध में।

उपरोक्त उपरोक्त विषयान्तर्गत अवैध चम्बल रेता (बजरी) के खनन व परिवहन में यदि कोई व्यक्ति लिप्त पाया जाता है तथा उसके नाम से आर्म्स लाईसेंस है तो उसके आर्म्स लाइसेंस निरस्तीकरण हेतु ऐसे व्यक्ति की सूचना मय अभिशंषा के इस कार्यालय में भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें ताकि ऐसे व्यक्तियों के आर्म्स लाईसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही प्रारंभ की जा सके ।

(अनिल कुमार अग्रवाल)
जिला कलक्टर

क्रमांकः प.40 / 10(1) / एनजीटी–248 / राजस्व / 2023 / 881-83 दिनांकः 21.03.2023

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ सादर प्रेषित है:–

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय, खान एवं भू विज्ञान विभाग, शासन सचिवालय जयपुर ।
2. अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय, वन विभाग शासन सचिवालय जयपुर ।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. प्रभारी अधिकारी न्याय अनुभाग कलक्ट्रेट धौलपुर

जिला कलक्टर

Signature valid
Digitally signed by Anil Kumar Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2023.03.21 [illegible]:30:26 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No : 3446973